दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com, E-mail chardikla.hr@gmail.com,Add: bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी | संपादक - डा.के.के.संधू | प्रबन्ध संपादकः सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 8 अंक 88 सोमवार 31 मार्च, 2025 Monday 31 March , 2025 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 8 मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## धनशोधन मामले में दिल्ली कोर्ट ने दी ताहिर हुसैन को जमानत

नई दिल्ली 30 मार्च (निस): दिल्ली की एक कोर्ट ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के संबंध में ईडी द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को जमानत दे दी। हुसैन अभी जेल में ही रहेंगे क्योंकि सांप्रदायिक दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश के मामले में वह आरोपी हैं। हुसैन की जमानत याचिका पर सुनवाई करने वाले ( शेष पृष्ठ दो पर )

# पीएम मोदी ने मन की बात में अपने बचपन को किया याद

## हमारे त्योहार देश की विविधता में एकता को दर्शाते हैं - पीएम मोदी



नई दिल्ली 30 मार्च (निस): पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 120वें एपिसोड को संबोधित करते हुए 'परीक्षा पे चर्चा' का जिक्र किया और अपने बचपन के दिनों को याद कर कहा कि गर्मी की छुट्टियों में मैं और मेरे दोस्त दिनभर कुछ-ना-कुछ उत्पात मचाते रहते थे। पीएम मोदी ने 'मन की बात' में कहा कि जब परीक्षाएं आती हैं, तो युवा साथियों के साथ मैं 'परीक्षा पे चर्चा' करता हूं। अब परीक्षाएं हो चुकी हैं, बहुत सारे स्कूलों में तो दोबारा क्लास शुरू होने वाली हैं। इसके बाद गर्मी की छुट्टियों का समय भी आने वाला है। साल के इस समय का बच्चों को बहुत इंतजार रहता है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे तो अपने बचपन के दिन याद आ गए जब मैं और मेरे दोस्त दिनभर कुछ-ना-कुछ उत्पात मचाते थे, लेकिन साथ ही हम कुछ रचनात्मक भी करते थे, सीखते भी थे। गर्मियों के दिन बड़े होते हैं, इसमें बच्चों के पास करने को बहुत कुछ होता है। यह समय किसी नई हॉबी को अपनाने के साथ ही अपने हुनर को और तराशने का भी होता है। आज बच्चों के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म की कमी नहीं है, जहां वे कुछ सीख सकते हैं। जैसे कोई संस्था टेक्नोलॉजी कैंप चला रही हो, तो बच्चे वहां ऐप बनाने के साथ ही ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर के बारे में जान सकते हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कहीं पर्यावरण की बात हो, थियेटर की बात हो, या लीडरशिप की बात हो, ऐसे कई विषय के कोर्स होते हैं, तो उससे भी जुड़ सकते हैं। ऐसे कई स्कूल हैं, जो स्पीच या ड्रामा सिखाते हैं, ये बच्चों को बहुत काम आते हैं। इन सबके अलावा आपके पास इन छुट्टियों में कई जगह चल रहे स्वयंसेवी गतिविधियों, सेवा कार्यों से भी जुड़ने का अवसर है। ऐसे कार्यक्रमों को मेरा विशेष आग्रह है। अगर कोई संगठन, स्कूल या सामाजिक संस्थाएं, या तो साइंस सेंटर ऐसी समर एक्टिविटी करवा रहे हों, तो इसे हैशटैग माई हॉलीडेज के साथ जरूर शेयर करें। इससे देश-भर के बच्चे और उनके माता-पिता को इनके बारे में ( शेष पृष्ठ दो पर )

# 2025 में मोदी और नीतीश के नेतृत्व में ही बिहार में बनेगी एनडीए सरकार-अमित शाह



पटना 30 मार्च (निस):बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के सीएम चेहरे को लेकर जारी चर्चा के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इशारों-इशारों में संकेत दे दिया है, कि नीतीश कुमार ही सीएम का चेहरा होंगे। एक कार्यक्रम में शाह ने कहा कि 2025 में मोदी जी और नीतीश जी के नेतृत्व में ही बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाइए और भारत सरकार को बिहार के विकास का मौका दीजिए बिहार को बदलने में नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही है।शाह ने कहा कि जेडीयू और बीजेपी मिलकर बिहार को विकास के रास्ते पर तेजी से ले जाएंगे। 2025 में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी। शाह के बयान से एनडीए के सीएम उम्मीदवार का मसला साफ होता नजर आ रहा है। बीजेपी और जदयू के नेता पहले से ही नीतीश के नेतृत्व में 2025 का चुनाव लड़ने की बात कहते आ रहे हैं। शाह ने नीतीश-मोदी के नेतृत्व में बिहार में अगली सरकार बनाने की बात कहकर इस पर मुहर लगा दी है।

वहीं शाह के इस बयान पर सियासत तेज हो गई है। राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि बीजेपी भाषण में जुमलों का इस्तेमाल करती है। नीतीश कुमार अगली बार सीएम बनेंगे। कार्यक्रम में आरजेडी पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि जब

### लालू यादव पर जमकर निशाना साधा

बिहार में लालू और राबड़ी की सरकार थी, तो जंगलराज था। इन लोगों ने बिहार को तबाह कर दिया, लेकिन जैसे ही एनडीए की सरकार बनी तो बीजेपी और जदयू ने मिलकर बिहार की सूरत ही बदल दी। 1990 से लेकर 2005 तक लालू-राबड़ी राज में हत्या, लूट, जातीय नरसंहार और भ्रष्टाचार मचा रहा। लालू यादव ने चारा घोटाला करके बिहार को देश-दुनिया में बदनाम किया। नीतीश कुमार के 20 सालों में बिहार में बहुत बदलाव किए हैं कई योजनाओं से साथ काम भी किए हैं।

# दिल्ली में आप व भाजपा के शासन में कोई अंतर नहीं दिखा, अपराध बढ़ रहे-कांग्रेस



नई दिल्ली 30 मार्च (निस) दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी की कानून व्यवस्था को लेकर बीजेपी की डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर दिल्ली में बढ़ते अपराधों के लिए जिम्मेदार कौन है? उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून व्यवस्था सुधारने के लिए बैठक तो की, लेकिन इसका कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता पिछले 12 वर्षों से बीजेपी और आम आदमी पार्टी की आपसी राजनीति के बीच पिस रही है। अपराधी बेखौफ होकर सड़कों पर घूम रहे हैं और दिल्लीवासी डर के साए में जीने को मजबूर हैं। कानून व्यवस्था पर सदन में चर्चा न होने को लेकर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता पर भी देवेंद्र यादव ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस तरह आम आदमी पार्टी अपने कार्यकाल में इस गंभीर मुद्दे को टालती रही, उसी तरह अब बीजेपी की दिल्ली सरकार भी इससे बचने की कोशिश कर रही है। देवेंद्र यादव ने आगे कहा दिल्ली की जनता ने अपनी सुरक्षा और कल्याण के लिए पहले आम आदमी पार्टी को 10 साल तक सत्ता सौंपी, ( शेष पृष्ठ दो पर )

# मणिपुर सहित तीन राज्यों में एफ्सपा की अवधि बढ़ी, गृह मंत्रालय के आदेश



नई दिल्ली, 30 मार्च (निस) केंद्र सरकार ने मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (एफ्सपा) को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय के अनुसार, मणिपुर में जारी हिंसा के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। नए आदेश के तहत मणिपुर के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर बाकी पूरे राज्य में 1 अप्रैल 2025 से आगामी छह महीनों तक एफ्सपा प्रभावी रहेगा। नगालैंड में भी रहेगा प्रभावी नगालैंड में दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित कर यहां एफ्सपा लागू किया गया है। इसके अलावा कोहिमा, मोकोकचुंग, लोंगलेंग, वोखा और जुनहेबोटो जिलों के कुछ पुलिस ( शेष पृष्ठ दो पर )

# हिमाचल में मणिकर्ण गुरुद्वारे के पास भूस्खलन,6 यात्रियों की मौत कई घायल



कुल्लू 30 मार्च (निस) हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल मणिकर्ण में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। गुरुद्वारे के पास अचानक भूस्खलन होने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद प्रशासन और पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बाद गुरुद्वारे के पास की पहाड़ी से अचानक भूस्खलन हुआ। इस दौरान एक विशाल चीड़ का पेड़ मलबे के साथ नीचे आ गिरा और सड़क किनारे खड़े तीन से चार वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इन वाहनों में कई लोग सवार थे, जिनमें से कुछ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। भूस्खलन के कारण वहां मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना होते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को मलबे से निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया ( शेष पृष्ठ दो पर )

# बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे हुए बेपटरी



कटक 30 मार्च (निस): बेंगलुरु से कामाख्या जाने वाली बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस रविवार को कटक जिले में पटरी से उतर गई। इस हादसे में ट्रेन के 11 एसी कोच बेपटरी हो गए। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य लोग घायल हो गए हैं। ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12551) के 11 एसी कोच बेपटरी हो गए। हादसे में एक यात्री की मौत और 25 के घायल होने की खबर है। जानकारी अनुसार यह हादसा सुबह 11:54 बजे निर्गुंडी के पास मंगुली में हुआ। जबकि उक्त ट्रेन एसएमवीटी बेंगलुरु से असम के कामाख्या जा रही थी। फिलहाल एनडीआरएफ और रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य में जुटे हैं।

**राहत-बचाव कार्य जारी** - ईस्ट कोस्ट रेलवे ने बचाव अभियान तेज कर दिया है। एनडीआरएफ और दमकल सेवाएं मौके पर मौजूद हैं। फंसे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

# पीएम मोदी ने नागपुर में 'माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर' की आधारशिला रखी, आरएसएस संस्थापकों को भी श्रद्धांजलि दी



नागपुर 30 मार्च (निस): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर दौरे के दौरान माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी, जो माधव नेत्रालय आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का विस्तार है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद थे।

**पीएम ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी** - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर' की आधारशिला रखी। इसे माधव नेत्रालय नेत्र संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र का विस्तार करके बनाया गया है। 'माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर' में 250 बिस्तर वाला अस्पताल, 14 बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और 14 'मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर' होंगे, जिनका उद्देश्य लोगों को सस्ती और विश्वस्तरीय नेत्र उपचार सेवाएं प्रदान करना है।

**आरएसएस संस्थापकों को पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि दी** - इससे पहले पीएम मोदी ने आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक (प्रमुख) एम एस गोलवलकर को समर्पित स्मारकों पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इसी के साथ उन्होंने ( शेष पृष्ठ दो पर )

# जस्टिस वर्मा से जुड़े मामले की रिपोर्ट सार्वजनिक करना खतरनाक रुझान-कपिल सिब्बल



नई दिल्ली, 30 मार्च (निस) राज्यसभा सदस्य और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से बरामद जले हुए कैश के मामले में आंतरिक जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सिब्बल ने इसे खतरनाक करार दिया और कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से संस्थान की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 22 मार्च को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी एस संधवाला और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायाधीश अनु शिवरामन की तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था, जो जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले की जांच करेगी। इसके अलावा, दिल्ली हाईकोर्ट की आंतरिक जांच रिपोर्ट को भी सार्वजनिक ( शेष पृष्ठ दो पर )

# हरियाणा में सरसों की फसल उगाने वाले किसानों को कुरुक्षेत्र और रेवाड़ी में बड़ी ऑयल मिल प्रोजैक्ट की मिलेगी सौगातःनायब सिंह सैनी



**कुरुक्षेत्र, 30 मार्च (सुदेश कुमार):** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के सरसों का उत्पादन करने वाले लाखों किसानों को प्रदेश सरकार ने कुरुक्षेत्र में बड़ी ऑयल मिल तथा रेवाड़ी और नारनौल में एशिया की सबसे बड़ी ऑयल मिल लगाने की परियोजना तैयार की है। इस परियोजना को जल्द ही अमलीजामा पहना दिया जाएगा। इस परियोजना से लाखों किसानों को फायदा होगा। इन सभी किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि हरियाणा में देश का पहला राज्य है जहां किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार गांव समानी में ग्राम पंचायत की तरफ से मन की बात कार्यक्रम को लेकर आयोजित भव्य समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात 120वीं कड़ी में देश के नागरिकों को सम्बोधित किया और खेलो इंडिया पैरा गेम के खिलाड़ियों को बधाई दी है। इन खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 34 स्वर्ण पदक, 39 रजत पदक और 31 कांस्य पदक जीतकर सहित हरियाणा ने कुल 104 पदक हासिल किए है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने इंटरनेशनल योगा 2025 को योगा फॉर वन अर्थ,वन हेल्थ के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के तहत सभी प्रदेशों को कार्य करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष नव सम्वत की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए गांव समानी के विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने के साथ-साथ सभी मांगों को पूरा करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि चुनावों के बाद अब प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल मंत्र सबका साथ-सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए प्रदेश में तीन गुणा तेज गति से विकास कार्य करवाएं जाएंगे। अभी हाल में विधानसभा सदन में इतिहास का सबसे बड़ा बजट पारित किया गया है और हर मद में समान रूप से बजट का बंटवारा किया गया है और प्रदेश का चहुंमुखी विकास करने के लिए पूरी संरचना और योजना तैयार कर ली गई है। सरकार ने जिन लोगों का पंचायती भूमि पर 20 साल से पुराना मकान है उनको 2004 के कलैक्टर रेट पर देने का निर्णय लिया है, इसी तरह हजारों पट्टेदार किसानों को भी 2004 कलैक्टर रेट पर कासत (खेती वाली) जमीन पर मालिकाना हक देने का काम ( शेष पृष्ठ दो पर )

# केंद्रीय मंत्री अठावले का दावा कहा- लालू से ज्यादा फिट हैं नीतीश,10 साल रहेगी उनकी सत्ता



पटना 30 मार्च (निस):रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर आए। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और कहा कि जद (यू) अध्यक्ष का स्वास्थ्य अच्छा है और वह कम से कम पांच से दस साल तक सत्ता में रहेंगे। वहीं उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जवाहर लाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे और लगातार चौथी बार सत्ता बरकरार रखेंगे।उन्होंने कहा कि मोदी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटकर नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मुझे विश्वास है कि वह रिकॉर्ड तोड़ देंगे और लगातार चौथी बार सत्ता में आएंगे।दलित नेता ने कहा, एक बौद्ध के रूप में, मैं बिहार का बहुत सम्मान करता हूं, वह भूमि जहां बुद्ध ने 2,500 साल से भी पहले ज्ञान प्राप्त किया था। महाबोधि मंदिर परिसर, जो यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है, पर पूर्ण नियंत्रण की मांग कर रहे बौद्धों के साथ एकजुटता दिखाते हुए बोधगया का दौरा करने के एक दिन बाद अठावले ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष भी उठाया है।उन्होंने कहा कि मैंने नीतीश जी से बौद्धों की चिंताओं का समाधान करने का आग्रह किया है, जो एक महीने से बोधगया में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मैंने खुद प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

**सांप्रदायिक तनाव के लिए छावा जिम्मेदार** - आठवले ने अपने गृह राज्य महाराष्ट्र में हाल में हुए सांप्रदायिक तनाव के लिए ब्लॉकबस्टर फिल्म छावा को जिम्मेदार ठहराया और औरंगाबाद में स्थित औरंगजेब ( शेष पृष्ठ दो पर )

## चैत्र नवरात्र के पहले दिन उपायुक्त ने परिवार सहित महामाई की पूजा कर लिया आशीर्वाद

**पंचकूला, 30 मार्च ( सतीश मंगला ) :** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने



आज नवरात्रि के पहले दिन परिवार सहित माता मनसा देवी मंदिर पहुंचकर माता के दरबार में माथा टेका और पूजा अर्चना कर महामाई का आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने हवन यज्ञ कर हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर उन्होंने जिलावासियों को चैत्र नवरात्र की बधाई, शुभकामनाएं दी और संदेश देते हुए कहा सभी नवरात्रि के पावन अवसर पर शांतिपूर्वक व श्रद्धापूर्वक माता मनसा देवी आकर माता के दर्शन करें व माता का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस अवसर पर मोनिका गुप्ता ने माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के कैलेंडर का भी विमोचन किया। सीईओ निशा यादव, सचिव शारदा प्रजापति ने डीसी को माता का चित्र भी भेट किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त व माता मनसा देवी बोर्ड की सीईओ निशा यादव , सहायक योजना अधिकारी पावस शर्मा, एमडीसी के सचिव शारदा प्रजापति, एसडीओ राकेश पाहुजा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## सट्टा खाईवाल करते आरोपी गिरफ्तार 21,100/- रुपए बरामद

**हांसी,30 मार्च ( मनमोहन शर्मा ):** जिला भर में अपराधो पर लगाम लगाते हुए सीआईए स्टाफ पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते हुए 21,100/- रुपए सहित पिंटू पुत्र रमेश निवासी मुल्तान कॉलोनी हांसी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सीआईए स्टाफ पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नजदीक अनाज मंडी में सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। इस सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने मौका पर जाकर पिंटू पुत्र रमेश निवासी स्थानीय मुल्तान कॉलोनी को 21,100/- रुपए सहित गिरफ्तार करके रुपए को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में जुआ अधिनियम के तहत अभियोग अकिंत कर आरोपी को गिरफतार किया

## पंचकूला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

**पंचकूला,30 मार्च ( सतिश मंगला ):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब



सिंह सैनी के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पंचकूला के सैक्टर 12ए में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सुना। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण अभियान कैच द रेन 2025 पर विस्तृत चर्चा की और जल संसाधनों के संरक्षण की महत्ता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने खेलों को लेकर भी अपने विचार साझा किए और विशेष रूप से हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत को सबसे अधिक मेडल दिलाने में हरियाणा के खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें जिला परिषद सदस्य बहादुर राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पार्षद सुनीत सिंगला, मुकेश सिंगला समाज सेवक ,डॉ. सुरिंदर सिंगला, ओ पी गोयल, शेखर, महिंदर पाल गोयल, दर्शन सिंह ( नाड़ा साहिब ) और हरविंदर बजाड़ ( रामगढ़ ) सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए । भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके जल संरक्षण व खेल प्रोत्साहन से संबंधित विचारों पर अमल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणादायक बातों को आगे बढ़ाने और सामाजिक कल्याण के कार्यों में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

## निवेश सिंगला को रियल एस्टेट बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से नवाजा गया

**रायपुररानी, 30 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ) :** नई दिल्ली में आयोजित रियल



एस्टेट बिज़नेस एक्सीलेंस अवार्ड 2025 में जिला पंचकूला के रायपुररानी के निवेश सिंगला को प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बिज़ऑप कंपनी द्वारा किया गया था। जानकारी के अनुसार, पुरस्कार समारोह के मुख्य आकर्षण बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर रहे, जिन्होंने न केवल कार्यक्रम की मेजबानी की, बल्कि विजेताओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर रियल एस्टेट इंडस्ट्री से जुड़े कई दिग्गज निवेशक और व्यवसायी उपस्थित थे। बता दें कि निवेश सिंगला को उनके उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और रियल एस्टेट क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने इस पुरस्कार को अपनी कड़ी मेहनत और टीम के समर्पण का परिणाम बताया।

# समाज के उत्थान में गुरुकुल शिक्षा पद्धति का रहा है अहम योगदान : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

**हांसी, 30 मार्च ( मनमोहन शर्मा ):** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि गुरुकुलों की विशेषता है कि यहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारित भी किया जाता है। इसीलिए यहां से शिक्षा ग्रहण करने के बाद विद्यार्थी जिस भी क्षेत्र में जाते हैं वहा अच्छे कर्मों से सुगंध फैलाने का काम करते हैं। रणवीर गंगवा शनिवार को हांसी हल्के के घिराय गांव स्थित स्वामी दीक्षानंद कन्या गुरुकुल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यअतिथि तथा विधायक विनोद भयाना ने गुरुकुल परिसर में भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान के तीन कमरों वाले शैक्षणिक ब्लॉक का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री ने गुरुकुल के विकास के लिए 11 लाख रुपए की राशि देने की भी घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में आगे कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार देना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अपराधों को रोकने के लिए सराहनीय कदम उठाए हैं और कई प्रकार के कड़े नियम भी बनाए हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों को जड़ से खत्म करने के लिए, हमें बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाना होगा। इस दिशा में गुरुकुल शानदार काम कर रहे हैं। विधायक विनोद भयाना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भारत की पुरानी संस्कृति को आगे बढ़ाने में गुरुकुलों का बहुत बड़ा योगदान है। इस गुरुकुल की शिक्षा दीक्षा भी बेहतरीन है। इस गुरुकुल ने प्रदेश व देश को कई मेधावी विद्यार्थी, खिलाड़ी, शिक्षक दिए हैं, जिन्होंने क्षेत्र का नाम रोशन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल प्रबंधन समिति तथा ग्रामीणों के सहयोग से यह गुरुकुल दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। इसके लिए उन्होंने उनकी सराहना भी की। विधायक विनोद भयाना ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से गांव फिरनी बनवाने की मांग रखी। कैबिनेट मंत्री ने इस मांग को तुरंत पूरा करते हुए कहा कि जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद भवन एवं सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह तुरंत इस सड़क के निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार कर भिजवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने मेधावी छात्राओं तथा शिक्षकों को सम्मानित भी किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा तथा विधायक विनोद भयाना का पगड़ी पहन कर स्वागत किया गया। वार्षिक उत्सव में गांव के सरपंच संदीप कुमार, गुरुकुल के संरक्षक रामकुमार,सचिव अजीत कुमार बंसल, सुरेश खीचड़ गुरुकुल की प्राचार्या सुनीता देवी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




# नूतन वर्ष शुभारंभ एंव नवरात्र के उपलक्ष मे हवन यज्ञ गया किया



**पंचकूला,30 मार्च ( सतिश मंगला ) :** अधिवक्ता परिषद पंचकूला के द्वारा और जिला बार एसोसिएशन पंचकूला के सहयोग से पंचकूला न्यायालय परिसर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 व ग्रीष्म नवरात्र एव नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर नूतन वर्ष शुभारंभ एंव नवरात्र के उपलक्ष मे हवन यज्ञ किया गया। राकेश शर्मा एडवोकेट जिला बार एसोसिएशन पंचकूला के नवनिर्वाचित प्रधान, सौरभ शर्मा अधिवक्ता परिषद पंचकूला जिलाध्यक्ष दोनों ने हवन का पंडित रामप्रसाद शास्त्री जी के मन्त्रों और श्लोकों के द्वारा अन्य अधिवक्तागणों के साथ हवन यज्ञ मे आहुति देकर यज्ञ को सम्पन्न किया गया । राकेश शर्मा एडवोकेट प्रधान जिला बार एसोसिएशन व सौरभ शर्मा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद पंचकूला दोनों ने सभी को नवरात्रि और सनातन नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की । हवन यज्ञ में राकेश शर्मा एडवोकेट प्रधान जिला बार एसोसिएशन, कुलवीर सिंह सैनी सचिव जिला बार एसोसिएशन , जसबीर सिंह ठोल वरिष्ठ उप-प्रधान जिला बार एसोसिएशन पंचकूला,ओम प्रकाश माहोर उप-प्रधान जिला बार एसोसिएशन, सौरभ शर्मा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद पंचकूला, विकास आर्य सचिव अधिवक्ता परिषद पंचकूला, सुभाष चन्द्र शर्मा अधिवक्ता , वेदभूषण महाजन पूर्व प्रधान जिला बार एसोसिएशन पंचकूला ,मनोज गौड़ अधिवक्ता पूर्व उप-प्रधान जिला बार एसोसिएशन पंचकूला , प्रीत मोहिन्दर सिंह अधिवक्ता , अशोक शर्मा अधिवक्ता ,अनुराग गोयल अधिवक्ता,दीक्षा शर्मा एडवोकेट , विक्रम चौहान एडवोकेट ,शिवम गौड़ अधिवक्ता , समिक्षा शर्मा एडवोकेट , सोनिया सैनी एडवोकेट , विरेन्द्र गर्ग एडवोकेट एव अन्य अधिवक्तागण भी कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। हवन यज्ञ कार्यक्रम उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। सभी अधिवक्तागणो ने एक दूसरे को आपस मे नवरात्र और सनातन हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

## औंगद गांव में लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**असंधा/ चिडाव,30 मार्च ( प्रवीन कुमार/ दलसिह मान ):** असंध विधानसभा क्षेत्र के गांव औंगद में भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा राजकुमार भार्गव के नेतृत्व में बूथ संख्या 21 पर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना गया। मोदी ने सभी भारतवासियों को चैत्र नव? वर्ष व नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए जल बचाने को लेकर लोगों को प्रोत्साहित करते हुए जल संरक्षण करते हुए प्रधानमंत्री ने गर्मी से पहले तालाब और पोखरों की सफाई का आह्वान किया। वहीं कैच द रेन अभियान के माध्यम से बारिश के पानी के संग्रहण पर बल दिया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में जल संरक्षण अभियान के तहत जल संरक्षण के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने गर्मियों में अपनी छतों पर पक्षियों के लिए पानी रखने का भी सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त देश भर में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों का जिक्र किया।वहीं युवाओं के लिए योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में हो रहे विकास को लेकर जानकारी सांझा की। इस अवसर पर कार्यक्रम में बूथ प्रमुख बिल्ला राणा ,ऋषिपाल जांगड़ा स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता सहित अन्य युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने रघुनाथ नगर में आमजन के साथ बैठकर सुना पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम

**करनाल, 30 मार्च ( परमजीत कौर ):** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को रघुनाथ नगर ( बूथ नंबर 213 ) में आमजन के साथ बैठकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर बार मन की बात कार्यक्रम में कोई न कोई नई सीख देते हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए, देश की तरक्की और खुशहाली में अपना योगदान देना चाहिए।विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार मन की बात के कार्यक्रम में छात्रों को नए हुनर सीखने और खुद को निखारने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने कहा, गर्मियों के दिन लंबे होते हैं और बच्चों के पास इस दौरान करने के लिए बहुत कुछ होता है। यह समय अपने हुनर को निखारने के साथ-साथ कोई नया शौक पालने का भी है। इन छुट्टियों में आपके पास स्वयंसेवी गतिविधियों और सेवा कार्यों से जुड़ने का भी अवसर है। अगर कोई संगठन, स्कूल या सामाजिक संस्था या विज्ञान केंद्र ऐसी ग्रीष्मकालीन गतिविधियों का आयोजन कर रहा है, तो उसे #MyHolidays के साथ जरूर शेयर करें।



**योग को दिनचर्या में करें शामिल** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस बार मन की बात के कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अब 100 दिन से भी कम समय बचा है। अगर आपने अभी तक योग को अपनी दिनचर्या में शामिल नहीं किया है तो अब इसे अपनाने का सही समय है। बता दें कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। पीएम मोदी ने फिटनेस और फिट इंडिया का भी जिक्र किया। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष मोहन लोथी, दीपक शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जरुरतमंद बच्चों को जूते व जुराबें की वितरित

**शाहाबाद मारकंडा, 30 मार्च ( रूबी ):** नर नारायण सेवा समिति द्वारा गांव छपरा में राजकीय प्राथमिक पाठशाला में पढने वाले 51 जरूरतमंद बच्चों को जूते और जुराबें वितरित किए गए। समिति संस्थापक अध्यक्ष मुनीश



भाटिया ने बताया कि समिति को जानकारी मिली की स्कूल में काफी बच्चे ऐसे है जिनके पास डालने के लिए जुराबें और जूते नहीं है। उन्होंने बताया कि यह बच्चे निम्न परिवारों से है और इनका परिवार उन्हें जूते-जुराबें दिलवाने में असमर्थ है। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए नपा पूर्व प्रधान हरीश कवातरा और समिति सदस्यों द्वारा 51 बच्चों को जूते और जुराबें वितरित किए गए। हरीश कवातरा ने कहा कि समिति द्वारा समाजसेवा के कार्यो को देखते हुए उन्हें खुशी होती है और वह हमेशा तन-मन-धन से समिति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है। समिति कोषाध्यक्ष हरीश विरमानी ने बताया कि ऐसे जरूरतमंद बच्चो के बारे में सूचना मिलते ही समिति द्वारा उन्हें तुरंत मदद पहुंचाई जाती है। उन्होंने समिति के साथ जुड़े दानी सज्जनां और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। समिति प्रोजेक्ट चेयरमैन सतपाल भाटिया ने बताया कि समिति के संस्थापक चेयरमैन मुनीश भाटिया के सान्निध्य में यह मुहिम हर वर्ष चलाई जा रही है। पिछले वर्ष भी लगभग 300 बच्चों को मदद पहुंचाई गई थी। समिति का उद्देश्य है कि पढने वाला कोई भी बच्चा बिना किताबो, जूते, जर्सी के न रहे। इसके इलावा पढने वाले जरूरतमंद बच्चो को स्टेशनरी और वर्दियां भी दी जाती है। इस मौके पर अध्यापक सुधीर कश्यप, अध्यापिका कविता देवी, अध्यापिका अंजली रानी, त्रिलोक सैनी, विकास सैनी, संदीप सैनी, रमेश कुमार और समिति के सदस्य सुशील ठकराल, करनैल सिंह, सतपाल भाटिया, हरीश विरमानी, अमित कालड़ा, गुरमीत सिंह, गोल्डी आदि मौजूद थे।

## नवरात्रि की प्रथम सुबह श्रद्धालुओं ने प्राचीन माँ समलासन देवी मंदिर में अर्पित की श्रद्धा

**रायपुररानी, 30 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ):** नवरात्रि के पहले दिन रायपुररानी में स्थित प्राचीन माता समलासन देवी मंदिर, माता मनसा दाती मंदिर



और छोटा त्रिलोकपुर मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी जनसमूह देखने को मिला। बता दें कि रविवार की सुबह चार बजे से ही पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा के विभिन्न स्थानों से भक्तों ने माता के दरबार में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचना शुरू किया। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी जितेंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन विशेष रूप से माता शैलपुत्री की पूजा की जाती है और इस दिन घरों में घट स्थापना का कार्य भी होता है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन गाय के घी का प्रसाद अर्पित करना शुभ माना जाता है, जिससे घर में रोग, दोष और संकट दूर होते हैं। इसके साथ ही पुजारी ने श्रद्धालुओं को नवरात्रि के दौरान किए जाने वाले अन्य उपायों के बारे में भी जानकारी दी। पुजारी जितेंद्र मोहन शर्मा ने यह भी बताया कि दूसरे दिन, यानी दूसरे नवरात्रि पर माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा का महत्व है, जिसमें माँ को शक्कर या पंचामृत का भोग अर्पित किया जाता है।

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Sh. Manoj Kumar Rana ADSJ**
**Additional District and Sessions Judge, Jhajjar**
**CNR No. HRJR01-008925-2022**
**Next Date:- 13-05-2025**
Madhu Bala @ Madhu Sharma
Versus
Rajender Kumar Meena (HR-63B-1490)

**Notice To:** (1) Rajender Kumar Meena (HR-63B-1490) Son:- Prahlad Rai Meena Near Panchayat Bhawan, Jurathara Sikar, Rajasthan-332402(Driver) (2) Satbir Singh S/o Narian Singh R/o HNO. 261 New Patel Park, Line Par Bahadur Garh Distt. Jhajjar (Owner of Offending Vehical Bearing NO HR 63 B 1490)

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 13-05-2025 at 10:00 a.m. For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=Jhajjar*
Dated this day of 26-03-2025
**Sd/- Additional District and Sessions Judge, Jhajjar**

---

**In the Court of**
**Sh. Manoj Kumar Rana ADSJ**
**Additional District and Sessions Judge,**
**CNR No. HRJR01-003923-2024**
**Next Date:- 25-04-2025**
1. Khazan Singh s/o Har Lal
Versus
1. State of Haryana through Collector

**Notice To:** 3. Rajesh S/o Pushpa D/o Tara Chand:- Village Kilrodh Tehsil and District Jhajjar and at present House No. 756/16, New Basti Gurgaon, Tehsil and District Gurgaon 4.Bharat Bhusan s/o Pushpa D/o Tara Chand R/o Vill Kilrodh Teh & Distt. Jhajjar 5. Anita D/o Pushpa D/o Tara Chand Vill. Kilrodh Teh & Distt. Jhajjar. 6. Sunita D/o Pushpa D/o Tara Chand Vill. Kilrodh Teh & Distt. Jhajjar At Present H.No. 756/16 New Basti Gurugram.

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 25-04-2025 at 10:00 a.m. For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=Jhajjar*
Dated this day of 26-03-2025
**Sd/- Additional District and Sessions Judge,**

---

**In the Court of**
**Sh. Manoj Kumar Rana ADSJ**
**Additional District and Sessions Judge,**
**CNR No. HRJR01-002526-2021**
**Next Date:- 29-05-2025**
Neeraj Kumari
Versus
Ravinder Kumar (HR 26DX 3194) .The Claimant prays for compensation of Rs. 5,00,000/- along with the interest from Defendants.

**Notice To:** Sandeep:- Rameshwar Singh H.No. 194b, Surya Vihar, Gurugram

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 29-05-2025 at 10:00 a.m. For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=Jhajjar*
Dated this day of 24-03-2025
**Sd/- Additional District and Sessions Judge,**

---

**In the Court of**
**Ms. Saravpreet Kaur**
**Additional Civil Judge (Senior Division),**
**CNR No. HRKU02-000292-2025**
**Next Date:- 28-04-2025**
Rajender Kaur wd/o Gurmeet Singh r/o H.No. 1801/A. Civil Lines, Jagadhari, Yamunanagar
Versus
General Public

Petitioner Rajender Kaur wd/o Gurmeet Singh r/ol 1801/A, Civil Lines, Jagadhari, Yamunanagar may Kindly be allowed to sell the agricultural land mentioned in Para 2 of Petition situated at Vill Bhukari, Tehsil Babain, Kurukshetra belonging to minor children namely Dhamanpreet Kaur and Sahibpreet Singh.

**Notice To:** General Public

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 28-04-2025 at 10:00 a.m. For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=Kurukshetra
Dated this day of 26-03-2025
**Sd/- Ms. Saravpreet Kaur Addl. Civil Judge (Senior Division),**

---

**In the Court of**
**Ms. Harleen A. Sharma**
**Principal Judge, Family Court , Camp Court at Shahabad (M)**
**CNR No. HRKU01-008412-2024**
**Next Date:-08-07-2025**
**Case No. GW/77/2024**
**Date of Institution: 26/11/2024**
Satya Devi w/o Harkesh Singh, R/o Village Teora, P.O Rattangarh, Tehsil Shahabad, District Kurukshetra
Versus
1. General Public 2. Pinki Rani widow at Rinku Ram now w/o Gurdev S/o Bhale Ram, R/o Fafdana, District karnal

Petition u/s 7/10 of Guardian and Ward Act for appointing the applicant/petitioner as guardian of the minor namely(i) Pallvi (daughter), Date of Brith 17.10.2017

**Notice To:** General Public

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 08-07-2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=Kurukshetra
Dated this day of 25-03-2025
**Sd/- Ms. Harleen A. Sharma Principal Judge, Family Court ,Camp Court at Shahabad Kurukshetra. UID No. HR00205**

# सम्पादकीय

## बीजेपी और आरएसएस में गहरा तनाव

भारतीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली गठजोड़ों में से एक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के रिश्ते एक जटिल और रहस्यमयी यात्रा से गुजरे हैं। एक ओर जहां भाजपा राजनीतिक पार्टी के रूप में सत्ता की राजनीति में अपनी छाप छोड़ती रही है, वहीं आरएसएस ने हमेशा इसे अपने वैचारिक और संगठनात्मक समर्थन से ताकत दी है। इन दोनों संस्थाओं का संबंध हमेशा सहयोगी तो रहा है, लेकिन अंदरूनी संघर्ष, नेतृत्व चयन और रणनीतिक दृष्टिकोण को लेकर दोनों के बीच गहरे मतभेद भी उभरते रहे हैं। अब, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर एक बार फिर इन मतभेदों ने न केवल मीडिया की सुर्खियाँ बनाई हैं, बल्कि भविष्य में इस गठजोड़ के आगे के रास्ते को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।बता दे कि आरएसएस का गठन भारतीय समाज में अपनी विशेष पहचान बनाने और उसे अपनी सांस्कृतिक दृष्टि से सजग करने के लिए हुआ था। भाजपा का जन्म भी इसी संस्था के विचारों से प्रेरित था, और आरएसएस ने हमेशा भाजपा को अपने मार्गदर्शन से लाभान्वित किया है। मगर सत्ता की राजनीति और संगठन की कार्यप्रणाली में समय-समय पर दोनों के बीच मतभेद सामने आते रहे हैं। विशेषकर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर इन मतभेदों ने अब गंभीर रूप ले लिया है। भाजपा और आर.एस.एस. के बीच खाई की गहराई का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बीच तनाव की खबरें सामने आ रही हैं। मोदी ने अपने राजनीतिक करियर में बार-बार यह साबित किया है कि वे केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि सत्ता में स्थिरता बनाए रखने के मास्टरमाइंड भी हैं। वहीं, आरएसएस की सोच और कार्यशैली का एक अलग संसार है, जो भारतीय समाज को एक संगठित सांस्कृतिक धारा में लाने की ओर केंद्रित है। यही फर्क, दोनों के बीच असहमति का मुख्य कारण बन रहा है। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के नए अध्यक्ष के रूप में एक ऐसा नेता चाहते हैं, जो मोदी की विचारधारा और नीतियों के प्रति निष्ठावान हो। वहीं, आरएसएस चाहती है कि नया अध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को बनाया जाए, जो संघ की विचारधारा के प्रति सच्चा हो और पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करें। अब बात करते हैं उस नेता की, जिनका नाम भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर प्रमुखता से उभरकर सामने आ रहा है—संजय जोशी। जोशी, जिनका नाम आरएसएस के पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में लिया जा रहा है, जोशी जो भाजपा में एक समय सशक्त और प्रभावशाली नेता रहे हैं। उन्होंने संगठन में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं, और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच अपनी सादगी और संगठनात्मक क्षमता के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, उनका राजनीतिक करियर विवादों से भी अछूता नहीं रहा। 2005 में जब एक कथित अश्लील सीडी सामने आई, तो जोशी को भाजपा से इस्तीफा देना पड़ा, लेकिन जांच में यह सीडी झूठी साबित हुई। इसके बावजूद, उनका नाम हमेशा चर्चाओं में रहा। अब, जब जोशी को पार्टी का नया अध्यक्ष बनाने की चर्चा हो रही है, तो यह मोदी और संघ दोनों के बीच तनाव की एक नई लहर पैदा कर रहा है। जोशी के साथ मोदी का पुराना मतभेद रहा है, और यह सवाल उठता है कि क्या मोदी और जोशी के बीच का यह तनाव पार्टी के नेतृत्व को प्रभावित करेगा? प्रधानमंत्री मोदी और उनके करीबी सहयोगी अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ने सत्ता की राजनीति में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। वे किसी भी रणनीतिक कदम को काफी सोच-समझकर उठाते हैं। अब, जब भाजपा का नया अध्यक्ष चुनने का सवाल है, तो मोदी और शाह की सोच यह है कि कोई ऐसा नेता चाहिए, जो मोदी की नीतियों के प्रति पूरी निष्ठा रखे। इस कारण, संघ द्वारा पसंद किए गए जोशी के नाम पर असमंजस का माहौल पैदा हो गया है। इसके अलावा, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान और शिवराज सिंह चौहान जैसे अन्य नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं, लेकिन उनका भविष्य संगठन की सोच और शक्ति के संतुलन पर निर्भर करेगा। अगर भाजपा और आरएसएस के बीच यह तनाव बढ़ता है, तो इसका असर पार्टी के संगठनात्मक ढांचे और उसकी चुनावी रणनीतियों पर पड़ा सकता है। संघ का महत्व पार्टी में कभी कम नहीं हुआ, और पार्टी का नेतृत्व संघ के विचारों के प्रति निष्ठावान होना चाहिए। लेकिन मोदी के नेतृत्व में भाजपा की चुनावी रणनीति ने पार्टी को नए रास्ते पर चलने का अवसर दिया है। इन दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन हो सकता है, और यह सवाल उठता है कि क्या भाजपा संघ की विचारधारा के प्रति सच्ची निष्ठा दिखाएगी, या फिर मोदी की नई दिशा और नीतियों को स्वीकार करेगी? भाजपा और आरएसएस के बीच यह संघर्ष और मतभेद कहीं न कहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के मुद्दे पर एक नई राजनीतिक दिशा की ओर इशारा कर रहे हैं। यह खाई समय के साथ बढ़ सकती है या फिर समझौते के रास्ते पर भी जा सकती है। फिलहाल, संजय जोशी, शिवराज सिंह चौहान, भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान जैसे नेताओं के नाम इस राजनीतिक खेल के महत्वपूर्ण मोहरे बनकर उभरे हैं। अब देखना यह होगा कि भाजपा और आरएसएस के रिश्तों की यह शीत युद्ध कब समाप्त होगी, या फिर यह और गहरी होती जाएगी।

# ग्लोबल वार्मिंग: भारत में गर्मी का जल्दी आना और लू का बढ़ना

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

इट्रो- बढ़ते तापमान से कृषि, जल संकट, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। फरवरी में असामान्य रूप से अधिक गर्मी, रात के तापमान में वृद्धि, समुद्री तापमान का असर और शहरी हीट आइलैंड प्रभाव इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। इसका असर शिक्षा, श्रम उत्पादकता और खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है।

भारत में लू की घटनाएँ जलवायु परिवर्तन के कारण तेज़ी से बढ़ रही हैं। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी इलाकों में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है और यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसे लू के रूप में परिभाषित किया जाता है। 2024 में भारत ने 554 लू के दिन अनुभव किए, जबकि 2023 में यह संख्या 230 थी। यह वृद्धि कृषि, जल उपलब्धता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, जिससे तत्काल शमन उपायों की आवश्यकता है।

फरवरी, जो आमतौर पर सर्दियों का महीना होता है, अब अत्यधिक गर्मी का अनुभव कर रहा है। ओडिशा, तेलंगाना और महाराष्ट्र में फरवरी 2025 में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, जो जलवायु परिवर्तन की ओर इशारा करता है। उदाहरण- फरवरी 2025 में मुंबई ने 38.7 डिग्री सेल्सियस का तापमान दर्ज किया, जो पांच वर्षों में सबसे गर्म फरवरी का दिन था। इसने दैनिक जीवन को बाधित किया और गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि की। वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार और तीव्र हीटवेव देखी जा रही हैं, जिससे जनसंख्या पर भारी दबाव पड़ रहा है। रात के तापमान में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सामान्य से 1एष्ट अधिक रात का तापमान दर्ज किया गया, जबकि 22 राज्यों में 3एष्ट-5एष्ट की वृद्धि देखी गई। दिल्ली में 2024 में 74 वर्षों की सबसे गर्म फरवरी की रात दर्ज की गई, जिससे कमजोर वर्ग के लिए रिकवरी का समय कम हो गया। समुद्री हीटवेव अंतर्देशीय तापमान को बढ़ाती हैं और मानसून के पैटर्न को प्रभावित करती हैं। 2023 में बंगाल की खाड़ी में समुद्री हीटवेव के कारण पूर्वी भारत में मानसून में देरी हुई और प्री-मानसून गर्मी बढ़ी। कंक्रीट संरचनाएँ, कम हरियाली और प्रदूषकों की उपस्थिति से शहरी क्षेत्रों में गर्मी अधिक रहती है। अप्रैल 2023 में अहमदाबाद के शहरी क्षेत्रों में तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से 3-4 डिग्री सेल्सियस अधिक था।



राज्यों के बीच समन्वय सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय अनुकूलन योजना में हीटवेव शमन को शामिल करना आवश्यक है। अहमदाबाद की हीट एक्शन प्लान (2013) हर साल 1190 मौतों को रोकने में मदद करता है। शहरी नियोजन में हरित इमारतों, निष्क्रिय शीतलन और गर्मी प्रतिरोधी सामग्रियों का उपयोग बढ़ाना चाहिए। तेलंगाना की कूल रूफ नीति (2021) ताप-परावर्तक छतों को बढ़ावा देती है, जिससे इनडोर तापमान कम होता है। वृक्षारोपण, छत पर बागवानी और जल निकायों के संरक्षण से तापमान कम किया जा सकता है। दिल्ली की शहरी वन पहल ने कई हॉटस्पॉट में स्थानीय तापमान को 2-3 डिग्री सेल्सियस तक कम किया। स्थानीय मौसम निगरानी, हीटवेव पूर्वानुमान और शहरी हीट आइलैंड मानचित्रण का विस्तार किया जाना चाहिए। कमज़ोर श्रमिकों के लिए हीट इंश्योरेंस, समायोजित कार्य घंटे और शीतलन आश्रय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। राजस्थान के हीट इंश्योरेंस पायलट (2023) ने अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों को वित्तीय मुआवज़ा प्रदान किया।

अत्यधिक गर्मी के कारण स्कूलों में गर्मी की छुट्टियाँ लंबी हो सकती हैं, जिससे पाठ्यक्रम पूरा करना मुश्किल हो जाता है। कई स्कूलों में पर्याप्त शीतलन व्यवस्था नहीं होती, जिससे छात्रों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। परीक्षा के समय लू पड़ने से छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। अत्यधिक गर्मी के कारण श्रमिकों की उत्पादकता में कमी आती है, खासकर निर्माण, खेती और अन्य बाहरी कामों में। बिजली की खपत बढ़ने से ऊर्जा संकट उत्पन्न हो सकता है, जिससे बिजली कटौती बढ़ती है। हीटवेव के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ती हैं, जिससे अस्पतालों पर दबाव बढ़ता है और स्वास्थ्य सेवा का खर्च बढ़ जाता है। झीलों, तालाबों और नदियों का जल स्तर तेजी से गिरता है, जिससे पेयजल की समस्या गहराती है। भूजल स्तर में गिरावट होती है, जिससे सिंचाई और पेयजल की आपूर्ति प्रभावित होती है। जंगलों में आग लगने की घटनाएँ बढ़ती हैं, जिससे जैव विविधता को नुकसान होता है। गर्मी के कारण कई पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है। गेहूं, धान और अन्य प्रमुख फसलों की पैदावार में गिरावट आती है, जिससे खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है। अत्यधिक गर्मी और जल संकट के कारण पशुपालन भी प्रभावित होता है।

अधिक गर्मी सहने वाली और कम पानी में पनपने वाली फसलों का विकास और उपयोग किया जाए। किसानों को माइक्रो-इरिगेशन तकनीक (टपक सिंचाई) अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। हरी छतें, जलाशयों और खुले हरे क्षेत्रों को बढ़ावा देना। सार्वजनिक स्थलों पर पेड़ों की छाया और वाटर स्प्रे सिस्टम लगाना। स्मार्ट शहरों में तापमान अनुकूलन तकनीकों को अपनाना। हीट-रेसिस्टेंट निर्माण सामग्री और ऊर्जा-कुशल डिज़ाइन को बढ़ावा देना। समुद्र के तापमान को नियंत्रित करने के लिए वैश्विक और क्षेत्रीय प्रयासों को मजबूत करना। तटीय इलाकों में मैंग्रोव वनों को पुनर्जीवित करना, जो प्राकृतिक रूप से तापमान को संतुलित करने में सहायक होते हैं। यूरोप का हीट एक्शन प्लान- फ्रांस और स्पेन ने हीटवेव के दौरान कूलिंग सेंटर और सार्वजनिक अलर्ट सिस्टम लागू किए हैं। ऑस्ट्रेलिया का जल प्रबंधन- सूखा-प्रभावित क्षेत्रों में जल संचयन और संरक्षण के लिए प्रभावी नीतियाँ लागू की गई हैं। अमेरिका का 'ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर' प्रोग्राम- शहरी इलाकों में हरियाली और छायादार क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

भारत में बढ़ती गर्मी और लू के प्रभावों को कम करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार, समाज और वैज्ञानिक समुदाय को मिलकर दीर्घकालिक समाधान विकसित करने होंगे। जलवायु अनुकूलन, स्मार्ट शहरी योजना, कृषि नवाचार और वैश्विक सहयोग से ही इस चुनौती से निपटा जा सकता है। गर्मी की लहरों के बढ़ते खतरे के कारण जलवायु-अनुकूलन योजनाओं को लागू करना आवश्यक हो गया है। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, हीट एक्शन प्लान और लचीले बुनियादी ढांचे को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। शहरी हरियाली, परावर्तक छतें और टिकाऊ जल प्रबंधन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही, महात्मा गांधी नरेगा जैसी योजनाओं का विस्तार और शीतलन-केंद्रित शहरी नीतियों को लागू करना सार्वजनिक स्वास्थ्य, आजीविका और भविष्य की स्थिरता को सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

# भारत-अमेरिका के प्रगाढ़ संबंध लेकिन टैरिफ एक बाधा

**- किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश को ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने से किसी न किसी रूप में चाहे वह आर्थिक, अवैध नागरिकता समस्या, टैरिफ, अमेरिकी फर्स्ट इत्यादि अनेकों एक्शन से दुनियाँ में तहलका मचा हुआ है। दुनियाँ भर की इकोनॉमीज में बवाल मचा हुआ है। ट्रंप ने मैक्सिको से लेकर चीन और कनाडा तक टैरिफ वॉर छेड़ा है, वहीं 2 अप्रैल में वह भारत के खिलाफ भी टैरिफ लगाने की बात कह चुके हैं।इस बीच अमेरिका में आने वाले महीनों में मंदी की आशंका गहराती जा रही है। अगर इन दोनों का पेच ज्यादा गहराता है तो भारत के सबसे ज्यादा बढ़ने वाला बिजनेस पर गंभीर नकारात्मक असर पढ़ सकता है। परंतु मेरा मानना है कि इन सब एक्शन से हालांकि अनेकों देशों पर नेगेटिव असर होगा,तो अमेरिका भी इसे अछूता नहीं रहेगा क्योंकि वहां भी मंदी के बादल छाए हुए हैं। अमेरिका द्वारा टैरिफ़ बढ़ाने से एक बड़ा वर्ग बाधित होगा।अन्य देशों से आने वाली वस्तुओं पर टैक्स बोझबढ़ने से महंगी हो जाएगी, जबकि घरेलू वस्तुएं ऑलरेडी ही महंगी है, तो सबसे पहले उसका उपयोग या उपभोग होगा, जिसका असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर जरुर पड़ेगा जो रेखांकित करने वाली बात है। आज यह मुद्दा हम इसलिए उठा रहे हैं, क्योंकि दिनांक 20 मार्च 2025 को भारतीय समय अनुसार देररात्रि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया कि उनके भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध तो है,परंतु अड़चन यह है कि भारत टैरिफ किंग है, दुनियाँ में उच्च टैरिफ वाले देशों की सूची में भारत मुख्य स्थान पर है, इसीलिए ट्रंप ने भारत को अल्टीमेटम दिया है कि,यदि टैरिफ कम नहीं किया गया तो 2 अप्रैल 2025 से अमेरिका भारत पर भी रेंसिप्रोकल टैक्स लगा देगा,जिसके दूरगामी नकारात्मक असर का दोनों देशों को भुगतना पड़ेगा। भारत में खासकर आईटी क्षेत्र में इसका अधिक असर पड़ेगा, हालांकि अन्य क्षेत्रों में भी असर पड़ने की पूरी संभावना है, इसलिए भारत को चाहिए कि एक रणनीतिक व्यवस्था के तहत सभी पहलुओंको ध्यान मेंरखकर निर्णय लेने की आवश्यकता है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को अमेरिका से राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने, अच्छे व्यापारिक संबंध बनाए रखनें, विवादों से बचने विज़न 2047 को रेखांकित कर सटीक निर्णय लेने की आवश्यकता है।



साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी वेबसाइट से दिनांक 20 मार्च 2024 को देर रात्रि हुई बातचीत की करें तो, ट्रंप ने कहा है कि भारत से साथ बहुत अच्छे संबंध होने के बावजूद एकमात्र समस्या यह है कि भारत दुनियाँ में सबसे अधिक सीमा शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है, इसके साथ ही ट्रंप ने दो अप्रैल से भारत से होने वाले आयात पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की अपनी धमकी भी दोहराई। ट्रंप ने अमेरिकी समाचार वेबसाइट के साथ साक्षात्कार में भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा के दौरान यह बात कही।अमरीकी राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत की ओर से जल्दी ही उनके देश के सामानों पर टैरिफ कम करने का फैसला हो सकता है। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में यह बात कही है। ट्रंप ने एक तरफ भारत के टैरिफ कम करने का भरोसा जताते हुए धमकी भी दी है। ट्रंप ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि भारत, अमरीकी सामान पर लगने वाले टैरिफ को कम करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत ऐसा नहीं करता है, तो दो अप्रैल से उनकी सरकार भी भारत पर उतना ही टैरिफ लगाएगी, जितना भारत द्वारा लगाया जाता है। ट्रंप ने भारत की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्क की बार-बार आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि भारत बहुत अधिक शुल्क लगाने वाला देश है,वह अतीत में भी भारत को टैरिफ किंग करार दे चुके हैं।पिछले महीने व्हाइट हाउस में पीएम के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान भी ट्रंप ने कहा था कि भारत सीमा शुल्क के मामले में बहुत सख्त रहा है। ट्रंप ने मार्च की शुरुआत में कहा था कि भारत अपने शुल्क में काफी कटौती करने पर सहमत हो गया है। हालांकि, वाणिज्य सचिव ने 10 मार्च को एक संसदीय समिति को बताया था कि इस बारे में बातचीत अभी जारी है और भारत एवं अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है ऐसी जानकारीआई।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारत-पश्चिम एशिया -यूरोप आर्थिक गलियारे पर टिप्पणी करने की करें तो उन्होंने कहा, भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर को लेकर कहा कि इससे विरोधी देशों का मुकाबला करने में मदद मिलेगी।पीएम के साथ पिछले महीने हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनके बेहद अच्छे संबंध हैं। भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। हालांकि मेरा मानना है कि भारत उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहा है ,क्योंकि हम भी दो अप्रैल से हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं। ट्रंप ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में कहा कि यह अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार में हमें नुकसान पहुंचाने वाले दूसरे देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं.ट्रंप ने कहा, हमारे पास व्यापार में साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है। हालांकि, हम उन साझेदारों को बुरा व्यवहार करने की अनुमति नहीं दे सकते लेकिन हम अपने दुश्मनों के साथ कई मायनों में अपने दोस्तों की तुलना में कहीं बेहतर बर्ताव करते हैं।उन्होंने कहा,यह अद्भुत देशों का एक समूह है जो उन देशों का मुकाबला कर रहा है जो व्यापार में हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं।भारत का आईटी उद्योग और एक्सपोर्ट भारत की आईटी इंडस्ट्री हर साल 280 अरब डॉलर से अधिक काएक्सपोर्ट करती है. वहीं ये देश में करोड़ों लोगों के लिए रोजगार भी जेनरेट करती है। भारत के आईटी उद्योग के एक्सपोर्ट ऑर्डर का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका से ही आता है। वहीं अमेरिकी कंपनियों के लिए आउटसोर्स करने में भी भारत के इंजीनियर्स आगे हैं। भारत के कुल आईटी एक्सपोर्ट रेवेन्यू का करीब 50 प्रतिशत अमेरिका से ही आता है।ऐसे में अगरअमेरिका में मंदी की आशंका गहराती है, तो इसका असर आईटी उद्योग की ग्रोथ पर पड़ेगा। वहीं अगर ट्रंप की टैरिफ नीति भारत पर भी लागू होती है, तो ये भारत की सॉफ्टवेयर कंपनियों की लागत को

# मुस्लिम तुष्टिकरण के मामले में कोई भी दल कम नहीं

'मुस्लिम वोट पटाओ' अभियान -दोनों मुख्य राष्ट्रीय दलों का एक ही लक्ष्य....! (लेखक - ओमप्रकाश मेहता/ईएमएस)

यद्यपि फिलहाल देश में निकट भविष्य में कोई चुनाव नही है, उत्तरप्रदेश सहित कुछ राज्यों में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे, किंतु देश में 'वोट पटाओं' अभियान की शुरूआत अभी से कर दी गई है, वह भी किसी राज्यस्तरीय या अदने राष्ट्रीय नेता द्वारा नहीं, बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री जी द्वारा। यद्यपि हमारे संविधान में राजनीति को धर्म से अलग रखने की बात जरूर कही गई है। किंतु मोदी जी ने अपने इस अभियान के चलाने के लिए धार्मिक पर्व ही चुना और वह भी मुस्लिम समाज की 'मीठी ईद' को। उन्होंने अपनी विशेष 'ईदी' की थैलियां तैयार करवाकर देश के बत्तीस लाख मुस्लिम परिवारों तक भिजवाने की व्यवस्था की है। इस थैली में मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थो के साथ महिलाओं व पुरूषों के वस्त्र भी है, इसे 'सौगात-ए-मोदी' नाम दिया गया है।



आगामी तीस मार्च को मुस्लिमों की 'मीठी ईद' है और तब तक बत्तीस हजार भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बत्तीस हजार मस्जिदों के साथ मुस्लिम भाईयों तक ये 'सौगात-ए-मोदी' सही हाथों तक पहुंचाई जाएगी।

यह तो हुई देश पर राज कर रही भाजपा के प्रयासों की बात अब यदि दूसरे राष्ट्रीय दल कांग्रेस की बात करें तो उसने 'आरक्षण' का 'लालीपॉप' थामकर मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने की शुरूआत कर्नाटक से की है। कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता डी.के. शिवकुमार ने इस हेतु संविधान बदलने तक का संदेश दे दिया, डी.के. के इस बयान से कांग्रेस सड़क से संसद तक घिरती नजर आ रही है। अर्थात् अब तक कांग्रेस द्वारा जो संविधान बदलने के आरोप भाजपा पर लगाए जाते रहे है, उसी हथियार का उपयोग अब स्वयं कांग्रेस अपने राजनीतिक हित के लिए कर रही है। कांग्रेस ने तो यहां तक कह दिया कि यदि वह देश में भी सत्ता पर आ जाती है तो पूरे देश में संविधान बदलकर मुस्लिमों के आरक्षण का सिद्धांत लागू कर देगी।

अब दोनों राष्ट्रीय दलों के इन मंतव्यों पर गौर किया जाए तो ध्वनि यही निकलकर आती है कि अब दोनों ही प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दलों ने राजनीति को धर्म से जोड़कर अपना राजनीतिक उद्देश्य पूरा करने का संकल्प ले लिया है, जो मोदी जी व कर्नाटक के सत्तारूढ़ नेताओं के मंतव्यों से उजागर हो रहा है।

आज के इस राजनीतिक माहौल और शीर्ष राजनेताओं के मुखारबिंद से निकल रहे शब्दों से देश का आम जागरूक नागरिक इसीलिए चिंतित है कि हमारे संविधान में जिन मुद्दों को राजनीति से पृथक रखा गया है, अब वे ही मुद्दें राजनीति के अंग बनाए जाने के प्रयास हो रहे है, ऐसे में हमारे संविधान की क्या अहमियत रह जाती है।

वैसे भी आज हमारे संविधान की उपेक्षा सबसे बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। आज के पक्ष तथा विपक्ष दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों व उसके नेताओं ने संविधान को हमारे धार्मिक ग्रंथ भागवतगीता व रामायण की तरह लाल बस्तें में लपेटकर रख दिया है और अपना खुद का संविधान तैयार कर लिया है, जो इनकी स्वार्थी सरकार का मुख्य आधार है और अब यदि हमारी राजनीति भी धर्म आधारित हो जाएगी तो फिर सत्ता की कुर्सी पर धर्म नजर आएगा या संविधान? आज का यही सबसे अहम् सवाल जिसका उत्तर हर जागरूक नागरिक ढूंढ रहा है। इसी बीच 'सौगात-ए-मोदी' आजाने से आम चिंतन और गंभीर हो गया है।

**( यह लेखक के व्य???क्तिगत ?विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अ?निवार्य नहीं है )**

# 21 किलोमीटर हॉफ मैराथन में पुरूषों में महेन्द्रगढ़ के मोहित तथा महिलाओं में इथोपिया देश की ग्रैबिवाहिद ने किया प्रथम स्थान हासिल

## *10 किलोमीटर दौड़ में पुरूषों में सावन तथा महिलाओं में केएम ज्योति रही प्रथम*

**सोनीपत, 30 मार्च ( विनोद ):** उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत रविवार को डीसीआरयूएसटी मुरथल में आयोजित सोनीपत हॉफ मैराथन के दौरान हजारों बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों तथा दिव्यांगजनों ने बढ़चढक़र भाग लिया और समाज को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सोनीपत हॉफ मैराथन के दौरान आयोजित पुरूषों की 21 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान महेन्द्रगढ़ के मोहित ने प्राप्त किया जिन्होंने इस दौड़ को 01 घण्टा 04 मिनट व 09 सैकेण्ड में पूरा किया। दूसरा स्थान सेना के बनी सिंह ने प्राप्त किया, जिन्होंने दौड़ को पूरा करने में 01 घण्टा 04 मिनट व 13 सैकेण्ड का समय लिया। इसके साथ ही तीसरा स्थान हरीश ने प्राप्त किया, जिन्होंने दौड़ को पूरा करने में 01 घण्टा 04 मिनट व 26 सैकेण्ड का समय लिया।



इसके अलावा महिलाओं की 21 किलोमीटर दौड में प्रथम स्थान इथोपिया देश की निवासी ग्रैबिवाहिद ने हासिल किया, जिन्होंने दौड़ को 01 घण्टा 16 मिनट व 04 सैकेण्ड में पूरा किया। इसके साथ ही सोनिका ने दूसरा स्थान हासिल किया, जिन्होंने दौड़ को 01 घण्टा 16 मिनट व 17 सैकेण्ड में पूरा किया। इसके अलावा 01 घण्टा 16 मिनट व 28 सैकेण्ड का समय लेते हुए तीसरा स्थान नीता रानी ने हासिल किया।

उपायुक्त ने बताया कि 10 किलोमीटर दौड़ पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान सावन ने प्राप्त किया, जिन्होंने इस दौड़ को 29 मिनट व 01 सैकेण्ड में पूरा किया। दूसरा स्थान बलराम ने प्राप्त किया, जिन्होंने इस दौड़ को 29 मिनट व 30 सैकेण्ड में पूरा किया। तीसरा स्थान रवि चौधरी ने हासिल किया, जिन्होंने इस दौड़ को 29 मिनट व 37 सैकेण्ड में पूरा किया। इसके अलावा महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर केएम ज्योति रही, जिन्होंने दौड़ को पूरा करने में 34 मिनट व 26 सैकेण्ड का समय लिया। दूसरा स्थान पर रूबि कश्यप रही, जिन्होंने दौड़ को पूरा करने में 34 मिनट व 40 सैकेण्ड का समय लिया। इसके अलावा तीसरा स्थान पर गुतेमा चालतू तेदिसि रही, जिन्होंने दौड़ को पूरा करने में 36 मिनट व 16 सैकेण्ड का समय लिया। इसके साथ ही

इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ0 अरविंद शर्मा ने सभी विजेताओं को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रथम स्थान विजेता को 01 लाख, दूसरे स्थान के विजेता को 75 हजार तथा तीसरे स्थान के विजेता को 50 हजार का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैराथन के दौरान दिव्यांगजनों की व्हील चेयर दौड़ में प्रथम स्थान बलराम, द्वितीय स्थान मोहित तथा तृतीय स्थान सुरेन्द्र ने प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिला की 65 पंचायतों को खेल सामग्री वितरित करने के लिए वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना मैराथन के पश्चात मुख्यमंत्री नायब सैनी से जिला की 65 पंचायतों को खेल सामग्री वितरित करने के लिए वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह खेल सामग्री जिला की 65 पंचायतों को वितरित की जाएगी, जिसपर लगभग 65 लाख की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गांव के युवाओं को अच्छी खेल उपकरण मुहैया करवाए जाएं ताकि ग्रामीण आंचल से भी हमारों खिलाड़ी निकलकर आएं और देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि गांवों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार ने खेल नर्सरिया खोली है, जहां पर बच्चों को कोच के साथ-साथ सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोनीपत के इतिहास पर लिखी गई पुस्तक का भी विमोचन किया।

## निसिंग में थाने के सामने डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक, बड़ा हादसा टला

**निसिंग,30 मार्च ( जोगिंद्र सिंह ):** करनाल-कैथल स्टेट हाइवे पर निसिंग शहर में थाने के सामने रविवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते



टल गया। ट्रक ड्राईवर ने बताया कि नरवाना से धान लेकर निसिंग पहुंचना था। उन्होंने बताया कि ट्रक के आगे अचानक कार आ गई थी।बता दें कि ड्राईवर ने कार को बचाते हुए ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर के बीचों-बीच चढ़ गया।जो कि डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रील को तोडते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया। गनीमत यह रही कि किसी अन्य वाहन से टकर नहीं हुई। जिसमें चालक भी बाल- बाल बच गया।शहर में जाम की स्थिति बनी रही। दुसरे ट्रक में धान को लोड किया गया।

## विनीता अग्रवाल को सम्मानित किया गया व लड्डूओं से तोला गया

**हिसार,30 मार्च ( ब्यूरो ):** लायंस कल्ब 321, ए-3 के उप गवर्नर पद के लिए,विनीता अग्रवाल को आज रॉयल पॉम रिजॉर्ट हिसार में




लायंस कल्ब ईशाना के अध्यक्ष दिनेश जैन की अध्यक्षता में सम्मानित किया गया व लड्डूओं से तोला गया। दिल्ली व हरियाणा से आये हुए सभी पास्ट डिस्ट्रिक गवर्नर राजीव अग्रवाल, हर्ष बंसल, दीपक तलवार, सतपाल गोयल, अशोक मदान, नरेश जैन, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर फूड फॉर लाइफ लायन ईश मेहता, डिस्ट्रिक कैबिनेट सेक्ट्री अमित गगनेजा, लायन इंदू कनोडिया के अतिरिक्त लॉयन कल्ब ईशाना के सेक्रेटरी लायन राकेश गोयल, कोषाध्यक्ष लायन शिवम् कंसल, निदेशक लायन पुनीत सिंगला, निदेशक लायन अक्षित जैन, ऐडमिनिसटेटर लायन हिमानी जैन,मेम्बर लायन मोहित गोयल,मेम्बर लायन विपिन गोयल,मेम्बर लायन दीपक कंसल,मेम्बर लायन कश्मीर सिंगला,मेम्बर लायन उषा सिंगला, मेम्बर लायन मोनिका गोयल,मेम्बर लायन हर्षुल बजाज, मेम्बर लायन नीरज गुप्ता,मेम्बर लायन परीचय बंसल,मेम्बर लायन रोहन व लायन हरीश कथुरिया और लायन महेंद्र गोयल आदि मौजूद थे।

## रायपुररानी विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

**रायपुररानी, 30 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ):** राजकीय आदर्श संस्कृति



वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुररानी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर में स्वयंसेवकों को योग, नैतिक मूल्य, करियर संबंधी कोर्स, सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण, हरियाणवी कला, संस्कार, जल प्रबंधन, पर्यावरण सुरक्षा, पौधारोपण और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। जानकारी के अनुसार, एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों ने पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों को आत्मसात करना और समाज में सकारात्मक योगदान देना प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता, बुजुर्गों, बेजुबान जानवरों और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी। समापन समारोह में एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी मुकेश कुमार, किरण, मीना रानी, सुखबीर सिंह, उमेश गुप्ता, राकेश कुमार, राजेश शर्मा, नमिका देवी, मनोज कुमार, विपिन कुमार, संतोष, सुनील गोयल, ज्योति, कमल कुमार, अंकिता, नेहा कुमार, विजय कुमार, ऋचा, हिमांशी, संजय कुमार, विकास, साजन कुमार और बलवीर सहित विद्यालय के कई शिक्षक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता, परिवार ने पुलिस से लगाई मदद की गुहार

**रायपुररानी, 30 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी थाना क्षेत्र के गांव भरोली में एक 24 वर्षीय युवक अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महेंद्र सिंह पुत्र ज्योति राम निवासी भरोली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा अनुराग अंबाला आईटीआई में पढ़ता है। 28 मार्च को अनुराग दोपहर करीब 12 बजे बिना किसी को बताए घर से निकला था और तब से उसका कोई सुराग नहीं मिला है। जबकि परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और बेटे के दोस्तों से पूछताछ की, लेकिन अनुराग का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद शिकायतकर्ता ने रायपुररानी थाने पहुंचकर पुलिस को युवक की गुमशुदगी की शिकायत दी। वहीं, पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## गेहूं की फसल पकने को तैयार, मंडियों में नहीं है इंतजाम

### *अबकी बार गेहूं की बिजाई हुई थी अगेती है इसलिए गेहूं जल्दी पक कर तैयार*

**निसिंग,30 मार्च ( जोगिंद्र सिंह ):** हरियाणा में गेहूं की फसल कुछ ही दिनों में पक कर तैयार हो जाएगी, लेकिन अभी तक अनाज मंडियों में गेहूं खरीद की तैयारियां नजर नहीं आ रही। ऐसे ही कुछ हालात करनाल सहित निसिंग,निगदू ओर जुंडला मंडी की हैं।इन मंडियों में अभी तक ना तो साफ-सफाई की तरफ ध्यान दिया गया है, कुछ लाइटें बंद पड़ी हुई है ओर ना ही वाटर कूलरों की साफ-सफाई की गई।कई वाटर कूलरों के अंदर गंदगी ,मच्छर तैरते हुए दिखते हैं।कई वाटर कूलरों में टूटीं न होने से लकड़ी लगाई हुई है। जिसमें व्यर्थ में पानी बह रहा है।कुल मिलाकर स्वच्छ जल पीने के लिए कोई भी बंदोबस्त नहीं किए गए है। मंडी की सड़कों में पैच वर्क भी नहीं हुआ है। एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होनी है।अधिकारी दावा कर रहे हैं कि उन्होंने गेहूं की खरीद के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं,लेकिन मंडियों की हालत कुछ और ही स्थिति बयां कर रही है। इनमें से एक भी मंडी में खरीद की तैयारियां पूरी नहीं हैं। हर जगह स्थिति बदहाल है। किसानों का कहना है कि धान की फसल उठने के बाद मंडी में सफाई नहीं हुई। जिसके चलते मंडी में चारों ओर गंदगी नजर आती है। उन्होंने कहा कि सफाई के लिए ठेकेदार तो नियुक्त किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद कभी सफाई होती नजर नहीं आई। हालांकि विधिवत रूप से अधिकांश लोग वैशाखी पर फसल की कटाई शुरू करते हैं। लेकिन इस बार ज्यादा तर गेहूं की अगेती बिजाई की हुई है।फसल जल्दी पकने लगी है। हालांकि जल्दी फसल पकने से उसकी पैदावार भी प्रभावित हो सकती है, लेकिन यह सब प्राकृतिक है। फसल तैयार पक कर तैयार हो जाएगी तो उसे समय पर काटना ही पड़ेगा, लेकिन मंडियों में धरातल पर तैयारियां नजर नहीं आ रही।



अनाज मंडियों में किसानों के लिए शौचालय का निर्माण तो किया गया है, उसका रखरखाव भी ठीक से नहीं हो रहा। शौचालय की टूटीं टूटी हुई है। बिजली के बोर्ड टूटे हुए हैं।बिजली की व्यवस्था नहीं है, बिजली के बोर्ड खुले पड़े हुए हैं।किसानों ने बताया कि शौचालय में ज्यादातर पानी की समस्या रहती है जिससे बदबू आती है। मार्किट कमेटी के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण सरकार के स्वच्छ भारत मिशन मुहिम पूरी तरह से ठप है। मार्केट कमेटी के अधिकारियों का ध्यान गंदगी की ओर नहीं है। शौचालय के दरवाजे टूट चुके हैं। शौचालय में गंदगी फैली हुई है, जिसके चलते किसान व मजदूर वहां जाना पसंद नहीं करते। वहीं मंडी में किसान भवन तो बनाया गया, लेकिन किसानों के बैठने के प्रबंध भी नहीं है।

## हमें भारतीय परंपरा और संस्कारों को अपनाना चाहिए : सुधीर

**कॉलेज प्राचार्य शशि मदान ने नशे और कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई रैली को हरी झंडी देकर किया रवाना**

**करनाल, 30 मार्च ( संदीप रोहिला ):** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के एन.एस.एस के विद्यार्थियों ने कॉलेज से लेकर मानव सेवा




संघ बस स्टैंड तक जन जागरूकता रैली निकाली और एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया।कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर शशि मदान ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। नशे और कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ निकली गई। इस रैली में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया । मानव सेवा संघ में जाकर विद्यार्थियों ने अनाथ, लाचार और बेसहारा लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन सब को भोजन करवाया और उनके साथ ही भोजन किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने स्वामी प्रेममूर्ति जी के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया।सायंकालीन सत्र में समाजसेवी सुधीर ने विद्यार्थियों को भारतीय रीति रिवाज और सनातन संस्कृति से अवगत करवाया । उन्होंने कहा कि हमें भारतीय परंपरा और संस्कारों को अपनाना चाहिए और सनातन संस्कृति की रक्षा करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस दौरान अंकुश , अपूर्वा,अर्पण,हर्षिता ,अनन्या ने भी अपने विचार प्रगट किए। इस कैंप का आयोजन डॉ.अजय कुमार तथा प्रोफेसर प्रदीप कुमार के कुशल नेतृत्व में किया गया । कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कवरजीत सिंह प्रिंस ने इस सफल आयोजन के लिए प्राचार्या ,स्टाफ और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी ।

# हिन्दू नववर्ष महोत्सव में सनातन संस्कृति को समृद्ध करने का संकल्प, उमड़े हजारों श्रद्धालु

## हिन्दू नववर्ष महोत्सव में भक्ति जागरण से राष्ट्र जागरण का किया आह्वान

**हिसार, 30 मार्च ( मनमोहन शर्मा ) :** श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल द्वारा हिसार की नई अनाज मंडी में हिन्दू नववर्ष महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। पूरा पंडाल श्याम बाबा की जय और भारत माता की जय के उदघोष से गूंज उठा। श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार के नेतृत्व में आयोजित किए गए इस महोत्सव के दौरान सनातन संस्कृति को समृद्ध करने का संकल्प करवाया गया। इसके साथ ही भक्ति जागरण से राष्ट्र जागरण का आह्वान भी किया गया। महोत्सव के दौरान राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्यातिथि और जगदीश जिंदल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुभाष बराला ने हिन्दू नववर्ष महोत्सव आयोजकों को इस आयोजन की बधाई देते हुए हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विक्की मित्तल व महेंद्र गर्ग ने मुख्य यजमान का दायित्व निभाया। नई अनाज मंडी में श्री



सतनारायण मंदिर के सामने स्थित पंडाल को श्रीराम की भगवा ध्वजाओं से सुसज्जित किया गया। महोत्सव की शुरुआत पूरे विधि-विधान से हवन-यज्ञ के साथ की गई। इस अवसर पर श्याम बाबा का दरबार व भारत माता के दरबार को देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए। इस दौरान प्रसिद्ध गायक वॉइस ऑफ इंडिया के विजेता सुमित सैनी ने अपने मधुर स्वर में श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। अभिनव ऐरन, डॉ. मोहन तनेजा, कृष्ण बोस, माधव त्रिपाठी, अजय सिंह, विशाल गुप्ता, कृष्ण गोयल, बाबा की परी, किशोरी पलक, काकुल कौशिक व भूमिका पाहुजा ने श्याम बाबा की गाथाओं से परिचय करवाया। इस दौरान मंच संचालन का दायित्व महेंद्र मतवाला ने निभाया। महोत्सव के संयोजक अशोक तिलकधारी, विहिप प्रतिनिधि ममता सोनी व व्यवस्था प्रमुख अभिनव शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत माता की भव्य आरती में हिस्सा लेकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज की नाटिका ने देशभक्ति की भावना का संचार किया। हिन्दू नववर्ष सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालुओं ने पावन भंडारे में हिस्सा लिया और कर्माबाई का खिचड़ा, पान, चूरमा व फल प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में विश्व हिन्दू परिषद ने मुख्य सहयोगी संस्था का दायित्व निभाया। इसके साथ ही बहुत सी सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं का भी विशेष योगदान रहा।

**हिन्दू नववर्ष सेल्फी प्वाइंट पर दिखी भीड़** - हिसार ⁼हिन्दू नववर्ष महोत्सव के दौरान भजनों की अमृतवर्षा ने श्रद्धालुओं को निहाल कर दिया। श्रद्धालुओं को इत्र व फूलों से सराबोर होने का भी अवसर मिला। इस दौरान जहां भारत माता की आरती करके युवा अभिभूत हो गए, वहीं छत्रपति शिवाजी की नाटिका देखकर देशभक्ति की भावना का संचार हुआ। पावन भंडारा, कर्माबाई का खिचड़ा, पान, चूरमा व फल प्रसाद ग्रहण करके श्रद्धालुओं को अलग अनुभूति हुई। नववर्ष सेल्फी प्वाइंट पर बच्चे व युवाओं की भीड़ देखने लायक रही।

## एनसीसी युवा मन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : लेफ्टिनेंट डा. देवी भूषण

**गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में एनसीसी रैंक समारोह आयोजित**

**करनाल, 30 मार्च ( संदीप रोहिला ):** गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में पहला एनसीसी रैंक समारोह बड़े उत्साह और गर्व के साथ



आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा प्राचार्या शशि मदान, मुख्य अतिथि कर्नल के.के. वेंकटरामन (कमांडिंग ऑफिसर, 7 एचआर बटालियन, एनसीसी करनाल), एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवी भूषण, एसएम बलराज सिंह, स्टाफ के अन्य सदस्य, एनसीसी कैडेट्स और छात्र-छात्राओं ने बढ़ाई। नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) युवा मन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे नेतृत्व, ईमानदारी और नि:स्वार्थ सेवा की भावना विकसित होती है। कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन के माध्यम से, कैडेट्स ऐसे गुण विकसित करते हैं जो उनके व्यक्तिगत विकास और समाज की भलाई में योगदान देते हैं। यह रैंक समारोह प्रथम और द्वितीय वर्ष के कैडेट्स के लिए आयोजित किया गया, जिसमें एक वर्ष के मूल्यांकन के बाद समर्पित कैडेट्स को उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया। यह पदोन्नति उनके मानसिक दृढ़ता, आत्मविश्वास, सामाजिक जिम्मेदारी और अनुशासन के आधार पर दी गई। इस कार्यक्रम में कैडेट्स की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया और उनके कठिन परिश्रम, दृढ़ता और एनसीसी मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की गई। मुख्य अतिथि कर्नल के.के. वेंकटरामन ने कैडेट्स की प्रतिबद्धता की सराहना की और उन्हें उत्कृष्टता की ओर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। यह प्रतिष्ठित अवसर संस्थान की युवा नेताओं और जिम्मेदार नागरिकों को तैयार करने की प्रतिबद्धता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

**रैंक धारक :** सीनियर अंडर ऑफिसर : सुरज
अंडर ऑफिसर : अश्वनीकंपनी क्वार्टरमास्टर सार्जेंट (CQMS) दिशा
सार्जेंट : आशु, आशीष, अनीशा, हर्ष, प्रिया पुनिया, पूजा भारती
कॉर्पोरल : आर्यन लाठर, उदित लांस कॉर्पोरल : मनजीत कौर, गुर्जेवन

## अवेस्टा फाउंडेशन ताजेवाला में हुआ ईद मिलन कार्यक्रम प्रेस क्लब छछरौली ने आश्रम में दिया जरूरत का सामान

**जगाधरी,30 मार्च ( रोहतास कुमार ):** प्रेस क्लब छछरौली की तरफ से ताजेवाला के अवेस्टा फाउंडेशन में ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रेस क्लब छछरौली की तरफ से अवेस्टा फाउंडेशन में रह रहे गरीब, बेसहारा, असहाय और विकलांग लोगों के लिए राशन, फल और मिठाई वितरित की गई। इसके साथ ही प्रेस क्लब छछरौली के संरक्षक रघुवीर सिंह राणा ने अवेस्टा फाउंडेशन को ?11000 दान स्वरूप दिए। प्रेस क्लब छछरौली के संरक्षक रघुबीर सिंह राणा ने बताया कि वह आगामी भविष्य में भी फाउंडेशन का यथा संभव सहयोग करते रहेंगे। वहीं प्रेस क्लब छछरौली के प्रधान नवाब खान आजाद ने बताया कि ईद का त्यौहार सभी के साथ प्रेम भाव और पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रेस क्लब छछरौली द्वारा फाउंडेशन को यथा संभव सहयोग किया गया और आगे भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब छछरौली इस प्रकार के कार्यों में हमेशा तत्पर रहेगा। अवेस्टा फाउंडेशन की संरक्षक नाज पटेल उर्फ गुरु मां ने सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर परवेज खान ,कौशिक खान ,रविंद्र चौहान, रघुवीर सिंह राणा, रामकिशन,हरीश धीमान , काजल मेहंदीरता आदि मौजूद रहे।



## दाखिला अभियान के तहत घर-घर जाकर विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में दी जानकारी

**निसिंग,30 मार्च ( जोगिंद्र सिंह/जगदीश दहिया ):** सरकार द्वारा शुरू किए गए जीरो ड्रॉप आउट एवं नामांकन बढ़ाने की कवायद में



विद्यालय प्रधानाचार्य मोहन सिंह राणा के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरक के अध्यापकों ने 23 मार्च से जोर-शोर से काम शुरू कर दिया है। अध्यापक सरकारी स्कूलों में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं विद्यालय के द्वारा पिछले वर्ष अर्जित की गई उपलब्धियां के बारे में जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 -25 के दौरान कक्षा 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है और विद्यालय ने विभिन्न खेल, सह शैक्षणिक एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ईश्वर सिंह ने बताया कि उन्होंने कोरोना शुरू होने के बाद गूगल फॉर्म्स की सहायता से बच्चों के मूल्यांकन के लिए क्विज बनाना शुरू किया था। यह शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई अवसर ऐप और ई अधिगम के जरिए बनाई गई क्विज से मिलती-जुलती है। बाद में ईश्वर सिंह ने इन क्विज के माध्यम से विभिन्न क्विज प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी करवाई। दूसरे अध्यापकों ने भी इन क्विज का फायदा उठाया। उन्होंने बताया कि लीगल लिटरेसी, मतदाता दिवस, विश्व एड्स दिवस, वित्तीय जागरूकता, विभिन्न महापुरुषों एवं विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवसों से संबंधित क्विज भी बनाई। अभी तक बनाई गई लगभग 300 क्विज से उन्हें लगभग 3 लाख के करीब रिस्पांस मिल चुके हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में पढ़ी दो सगी बहनों नेहा एवं तनु का चयन सेना में हुआ है। जिसमें बड़ी बहन नेहा का चयन आर्मी के लिए एवं तनु का चयन नेवी के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य बताया कि विद्यालय के बच्चे इस वर्ष में दो बार विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण से सम्मान पा चुके हैं।

## आज के बच्चे कल का भविष्य, पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेलकूद का, हमेशा अव्वल रहें- भगवान दास कबीर पंथी

**निसिंग,30 मार्च ( जोगिंद्र सिंह):** हल्का विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने गाँव डाचर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाचर में पहुँचने पर प्राचार्य गुरजोग सिंह व उपस्थित स्टाफ़ सदस्यों ने बुक्के देकर स्वागत किया। विद्यालय में चल रही उल्लास परीक्षा से संबंधित व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विचार विमर्श किया। विद्यालय के पिछले दो सालों से बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर स्टाफ़ सदस्यों को बधाई दी व सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। प्राचार्य गुरजोग सिंह ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय का दरवाजा हमेशा खुला है। कभी भी कोई परेशानी होने पर विद्यालय आकर अपनी समस्या को रख सकते हैं। विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेलकूद का, हमेशा अव्वल रहें। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करें इस मौक़े पर महिपाल राणा गुनियाना, मास्टर रण सिंह गोंदर, ऊषा रानी, रजनी, सुरेश कुमार, समीम अली, धर्म वीर, संदीप कुमार , डॉक्टर रोशन लाल ,ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि सरदार गुरदेव सिंह व गाँव डाचर से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खुर्दी में लगाया गया रक्तदान शिविर , 60 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**यमुनानगर,30 मार्च ( दिनेश कुमार ):** गांव खुर्दी में श्री बालाजी युवा मंच व सभी ग्राम वासियों की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन





करवाया गया जिसमें डॉक्टर सुशीला सैनी डिप्टी सिविल सर्जन यमुनानगर व डॉक्टर ललित सैनी चेयरमैन, आयुष एसोसिएशन हरियाणा, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुएद्य वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गांव की बुजुर्ग महिलाएं उपस्थित हुई। यमुनानगर सिविल अस्पताल से आई डॉक्टर की टीम ने रक्तदाताओं का ब्लड एकत्रित किया ।ब्लड कैंप में लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान शिविर में सभी ग्रामवासियों व आसपास के गांव के लोगों ने बढ़कर भाग लिया और खून दान किया। दिनेश सैनी ने बताया की हर एक रक्तदाता को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और रिफ्रेशमेंट के रूप में केले व जूस पिलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आए डॉक्टर सुशीला सैनी ने कहा की खून देने से शरीर में कोई कमी नहीं आती बल्कि शरीर का विकास होता है हमारे द्वारा दिया गया खून किसी की जिंदगी बचाने के काम आता है इसलिए हमें बढ़ चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर दिनेश सैनी , अशोक सरपंच, सहल सिंह, करनैल सिंह, वीरकांत कंबोज, मोक्ष सैनी ,राजेश सैनी ,जसविंदर धीमान, हर्ष सैनी ,प्रवीण प्रजापत ,बलविंदर प्रजापत आदि मौजूद रहे ।

# नशा मुक्त अभियान के तहत चीका में मैराथन दौड़ का आयोजन, दौड़ को एसपी राजेश कालिया ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**कैथल, 30 मार्च ( प्रवेश बहादुर ):** ओलंपियन सागरदीप कौर स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन ट्रस्ट चीका द्वारा रविवार सुबह डीएवी कॉलेज चीका में मैराथन दौड़ को आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ में एसपी कैथल राजेश कालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। दौड़ में युवाओं, बच्चों, बुजुर्ग व महिलाओं ने भाग लिया। मैराथन को डीएवी कॉलेज चीका से एसपी राजेश कालिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मैराथन डीएवी कॉलेज से शुरू होकर राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका होती हुई वापिस डीएवी कालेज पहुंची। इस दौरान एसपी राजेश कालिया द्वारा दौड़ तो एक बहाना है, नशे को दूर भगाना है के नारे भी लगवाए गए। एसपी ने कहा कि मैराथन का उद्देश्य नशे के प्रति आमजन को जागरूक करना है। पुलिस विभाग द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई हैं और सभी चाहते है कि हमारा राज्य हरियाणा नशे से मुक्त हो। नशा समाज को खोखला कर रहा है। हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करे। युवा वर्ग अपनी शक्ति खेल, पढ़ाई या अन्य कोई देश हित कार्य में लगाएं। युवा वर्ग देश का भविष्य है, जिनके आगे बढ़ने से ही देश आगे बढ़ेगा, परंतु उनको नशे से बचाने के लिए उनके अभिभावकों सहित पूरे समाज को जागरूक पडेगा। नशा शरीर के लिए जहां खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश धंस जाते हैं और फिर उस नशे की पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नहीं हिचकिचाते। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा, खेलकुद तथा अन्य प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिए। प्रतिष्ठित व्यक्तियों की मार्फत युवाओं को नशे से दूर रहने तथा नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक करके समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जा सकता है। छोटी उम्र से ही बच्चो को पढाई के साथ साथ खेलों के प्रति प्रोत्साहित करे ताकि बच्चा बड़ा होकर नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य को बनाए रखें और कामयाब बने। नशे के सौदागरों के नेटवर्क को कुचलने के लिए इसकी बिक्री, खपत और उपयोग संबंधी जानकारी पुलिस के साथ सांझा करें तथा इस प्रकार के अपराधियों को सलाखों पीछे पहुंचाने में सहयोग करें।

## युवा अपने गौरवशाली इतिहास, प्राचीन संस्कृति को याद कर आने वाले कल की चुनौतियों के लिए करें खुद को तैयार : स्पीकर हरविंद्र कल्याण

**घरौंडा, 30 मार्च ( नरेन्द्र लाठर ):** हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण रविवार को बसताड़ा के वार हीरोज मेमोरियल स्कूल के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूल में बनाए गए म्यूजियम का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर युवा पीढ़ी को आह्वान किया कि भारत के गौरवशाली इतिहास, हमारी प्राचीन संस्कृति को याद करते हुए आने वाले कल की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करें। इसके साथ-साथ युवा पीढ़ी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए बढ़-चढकर अपना योगदान दें। उन्होंने स्कूल में वार हीरोज से जुड़ी अद्भुत जानकारी एकत्रित करने पर स्कूल के चेयरमैन, वीर चक्र लेफ्टिनेंट कर्नल सुनहरा सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वार हीरोज की इतनी जानकारी इस स्कूल में हैं, इससे पहले किसी स्कूल में नहीं



देखी। बच्चे ज्यादा से ज्यादा अपने देश के जाबांजों, वार हीरोज के जीवन को पढ़ें और उनसे प्रेरणा लें, इस नाते से यह म्यूजियम स्कूल के अंदर लंबे समय तक समाज को और बच्चों को प्रेरित करता रहेगा। कल्याण ने कहा कि यह मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि इस म्यूजियम का उद्घाटन उनके द्वारा किया जा रहा है।

**बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें, माता-पिता का यही सपना -** हरियाणा विधानसभा स्पीकर श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता का सपना होता है कि उसका बच्चा अच्छी शिक्षा ग्रहण करे और आगे बढ़े। यहां बच्चों को अच्छे संस्कार मिल रहे हैं, अच्छा अनुशासन मिल रहा है। जीवन में जिन ऊंचाइयों को छूना है, उस राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों, बच्चों को स्कूल के वार्षिक उत्सव की हार्दिक बधाई दी ।यह म्यूजियम हमें सिखाता है कि किसी मुकाम पर पहुंचने के बाद समाज का वापिस कैसे लौटाना हैस्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि लोग जीवन में मुकाम हासिल करने के बाद जीवन को सुविधाओं से भरने का कार्य करते हैं। पद के माध्यम से जीवन और अच्छा बनें, इसकी चिंता करते हैं लेकिन यह म्यूजियम सिखाता है कि किसी मुकाम पर पहुंचने के बाद समाज को वापिस कैसे लौटाया जाता है। यह कार्य लेफ्टिनेंट कर्नल सुनहरा सिंह ने की। उन्होंने बताया है कि समाज की चिंता कैसे की जाती है। कल्याण ने स्कूल के वार्षिक उत्सव की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हर प्रकार की झलक देखने को मिली है। हमारी संस्कृति की झलक, हमारे देश के गौरवशाली इतिहास की झलक, अध्यात्म की झलक, ज्ञान की झलक, वीरता और शौर्य की झलक देखने को मिली है। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर स्कूल के स्टॉफ व मैनेजमेंट को भी बधाई दी। इस मौके पर सुखबीर महला, प्रिंसिपल नीतू मौकल, स्टॉफ सदस्य, छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नीलोखेड़ी द्वारा रामलीला ग्राउंड में द्वादश ज्योतीर्लिंगम मेला लगाया गया

**नीलोखेड़ी,30 मार्च ( दर्शन शर्मा ):** आज मेले के तीसरे व अंतिम दिन आज हजारों लोगों ने इसमें भाग लिया। इस मेले में आज के मुख्य अतिथि राजवीर शर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने कहा है कि यह संस्था समय-समय पर अनेक आध्यात्मिक कार्य करती रहती है। लोगों को परमात्मा से जोड़ने के लिए इस मेले में द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन बहुत ही सुंदर रीति से एक ही जगह पर कराए गए। यहा पर कुंभकरण झांकी बहुत ही सुंदर बनाई गई ।इसके द्वारा हमें मैसेज दिया गया कि अज्ञान को हटाकर ज्ञान को जीवन में धारण करो । उन्होंने कहा कि यह संस्था विश्व के 144 देशों में फैली हुई है। इसमें 50000 ब्रह्माकुमारिया समर्पित रूप से रहती है। जो विश्व में परमात्मा शिव का सन्देश दे रही है। इस कार्यक्रम के सम्मानीय अतिथि प्रेम सचदेवा प्रधान पंजाबी सभा रहे। इस अवसर पर एक अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन भी रखा गया । इस



कवि सम्मेलन में कवि मनोज खुशनुमा ग्रेटर नोएडा, कवि धीरज कुमार करनाल, नेहा शर्मा % नमन% दिल्ली, कवि वीरेंद्र राठौर,डॉक्टर कांता वर्मा नीलोखेड़ी ने अपनी कविताओं से सभी लोगों को देश भक्ति कविताओं से झकझोर दिया । इस कवि सम्मेलन का संचालन डॉक्टर कांता वर्मा ने किया। इस अवसर पर करनाल से पधारी ब्रह्माकुमारी प्रेम बहन ने सभी मेहमानों व कवियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक व देशभक्ति से भरपूर कविताएं हमारे देश को उच्च व महान बनाते हैं। देशवासियों मे देशभक्ति की भावना जाग्रत करती है। घरौंडा सेवा केंद्र से पधारी रेनू बहन ने सुंदर मेले के आयोजन की सभी को बधाई दी। इस कार्यक्रम का आयोजन नीलोखडी सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी संगीता बहन ने किया। इस अवसर पर शहर की नई सरकार जो अभी-अभी चुनी गई नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पालिका सदस्य व पत्रकारों को उनकी निर्भीकता व ईमानदारी के लिए स्वागत किया गया। इस अवसर पर सदस्यों मंचासीन सदस्यों, नगर पालिका सदस्यों व अन्य गणमान्य व्यक्तियो द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर माउंट आबू से आए ब्रह्माकुमार राजीव भाई ने सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। बुराइयों व नशे का प्रतीक रावण पुतले का दहन ईश चोपड़ा द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सनमीत कौर आहूजा, ईश चोपड़ा, चौधरी रिशिपाल, शिवनाथ कपूर, सतनाम सिंह आहूजा, सतनाम सिंह आहूजा, बृजेश चोपड़ा,महेंद्र बाकीपुर, बरतपाल बत्रा, अशोक पुलाना, वेद कटारिया,ज्ञान सिंह गगसीना, अजमेर अरजाहेडी, नरेन्द्र शर्मा,अनिल खन्ना,परवीन सिकरी ,सुनील कटारिया, प्रवीण शर्मा, अजय शर्मा, सुखविंदर कैनवाल , शमशेर सिंह ,अमित चावला,मुकेश कुमार, भूपेश जुनेजा, लवली कुकरेजा,अंजना कुमारी, कृष्णा कुकरेजा, हरविंदर कौर, राजवंत कौर, ब्रह्माकुमारी सुमन, ब्रह्माकुमारी पूनम, ब्रह्माकुमारी प्रीति, ब्रह्माकुमारी रेखा भी उपस्थित रहे।

## समाज की सेवा के लिए जीवनदीप संस्थान निरन्तर कार्यरत : भानु बतरा

**जगाधरी,30 मार्च ( रोहतास कुमार ):** ज़िला परिषद सदस्य भानु बतरा ने छछरौली में जीवनदीप संस्थान द्वारा लगाये गए सामाजिक हेल्थ कैम्प में शिरकत की हैल्थ कैंप में मरीजों की स्वास्थ्य जाँच की गई व व्हीलचेयर व वॉकर , चश्मे , छड़ी इत्यादि बाँटी गई। हरियाणा की अग्रणी समाजसेवी संस्था जीवनदीप संस्थान यमुना नगर व लायंस क्लब यमुनानगर- जगाधरी के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छछरौली में एक विशाल रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम बिलासपुर श्री जसपाल सिंह गिल ने व जिला फायर अधिकारी पंकज पाराशर, श्रीमती भानू बतरा सदस्य जिला परिषद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उनके साथ ऋषि राज सचिव मार्किट कमेटी व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे राकेश अंटवाल रीजनल चेयरपर्सन , अनिल गुलाटी व राज चावला मुकेश मंगला , आकाश बतरा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। एस डी एम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल ने कहा लगातार वर्षों से आमजन की स्वास्थ्य जाँच व कान की मशीने , चश्मे,छड़ी , व्हील चेयर आदि देकर जन सेवा में जीवनदीप संस्थान कार्य कर रहा है कोरोना काल में भी इन्होंने लोगों की ज़्यादा से ज़्यादा मदद करने को कोशिश की है आम लोगो जो इनकी इस कार्य में मदद कर रहे हैं उनकी भी प्रशंसा करता हूँ। भानू बतरा ने कहा जीवनदीप संस्थान हमेशा जनता की सेवा में खड़ा है पिछले कई वर्षों से समाज भलाई के कार्य करते रहें है हम इस संस्थान से कई वर्षों से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए हैं और डॉ अजय मिश्रा व डॉ अशोक व इनकी टीम नि:स्वार्थ भाव से जनता की सेवा में लगे हुए हैं भानु बतरा ने जीवनदीप की सारी टीम एवं सभी डॉ व नर्सिंग स्टाफ व सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया। डॉ टीम में मुख्य तौर पर डॉ शिवम कुमार , डॉ ऋचा , डॉ विजय शर्मा , डॉ स्वाति गोयल , डॉ निशु सिंगला , डॉ निधि अग्रवाल , डॉ अमूल्य अग्रवाल ,डॉ पारस सिंधु , डॉ आदित्य गोयल , सरदार अमनदीप सिंह और सरदार गुरपाल सिंह,सुरेंद्र कुमार गर्ग , गुलशन शर्मा भी उपस्थित रहे। 2285 रोगियों की जांच करके निशुल्क दवाईयां दी। 600 लोगों को नजर के चश्मे वितरित किए छड़ी बैसाखी और वॉकर एवं व्हील चेयर 36 लोगों को ,कान की मशीन वितरित की 15 लोगों को और 170 लोगों की खून और पेशाब की जांच की हुई। इस मौके पर लायंस क्लब यमुनानगर के अध्यक्ष अनिल गुलाटी ,राजकुमार बंगा ,राज चावला, हर्ष साहनी, विजय धीमान , आकाश बतरा ,शुभम खजांची , संदीप गोयल स्टेट बैंक , अश्वनी गोयल, व स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर ,चौधरी गुरदयाल सिंह सैक्ट्री ,राजू मंगला , अशोक खेत्रपाल,एडवोकेट अजय शर्मा व गौरव गोयल , लखविंदर संधू आदि व्यक्तियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया । जीवनदीप संस्थान के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार मिश्रा ने आए हुए सभी मेहमानों का माल्यार्पण पुष्प गुच्छा व अंग वस्त्र देकर सम्मान किया ।

## मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र जवाहरा के निधन पर शोक संतप्त परिवार को दी सान्त्वना

**गोहाना, 30 मार्च ( ब्यूरो ):** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार देर शाम गांव जवाहरा पहुंचकर दिवंगत भाजपा मुंडलाना के मंडल अध्यक्ष



सुरेन्द्र जवाहरा के निधन पर शोक व्यक्त किया व परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि उनको पूरा न्याय मिलेगा। उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहनलाल बड़ौली, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, सोनीपत भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक,पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा भी उपस्थित रहे।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 12 अप्रैल को

*-संकीर्तन में सुंदर-सुंदर झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र*

**करनाल, 30 मार्च ( रविन्द्र मलिक ) :** शहर के अर्जुन गेट स्थित श्री



सेवा समिति आश्रम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा 12 अप्रैल को बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन को लेकर समिति के सभी सदस्यों में काफी उत्साह है। इस अवसर पर श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला व मुख्य सेवक विकास गर्ग ने बताया कि संकीर्तन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 12 अप्रैल को शाम 6 बजे संकीर्तन शुरू होगा और प्रभु इच्छा तक चलेगा। इस संकीर्तन में भजन गायक रजनी सरगम, जतिन जिंदल, हेमंत ललित अपनी मधुर वाणी से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। संकीर्तन में श्री हनुमान जी, राम दरबार सहित अन्य सुंदर-सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस संकीर्तन में डॉ. दिनेश गोयल मंच का संचालन करेंगे और पंकज गुप्ता श्रृंगार सेवक के रूप में अपनी सेवाएं निभाएंगे। संकीर्तन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रमोद मंगला ने बताया कि समिति की तरफ से लक्की ड्रा निकाले जाएंगे। जिसमें श्याम बाबा की चांदी की बांसुरी और हनुमान जी की सोटा होगा। इसमें कूपन निकले वाले 11 कपल को क्षीरधारा रेस्टोरेंट में लंच करने का मौका मिलेगा। प्रमोद मंगला ने अपील करते हुए कहा कि सभी भक्तजन संकीर्तन में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें और श्याम रसोई का भंडारा ग्रहण करें। इस अवसर समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला, जतिन मंगला, विपिन गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, अनिल, सचिन गोयल, संजीव मित्तल व संजू गोयल उपस्थित रहे।

## हिंदू नव वर्ष के स्वागत को वैदिक यज्ञ का आयोजन

**असंध, 30 मार्च ( दलसिह मान ):** आर्य समाज मंदिर भवन बल्ला में हिंदू पंचांग के अनुसार सृष्टि के नव वर्ष का आरंभ होने पर हवन यज्ञ किया गया। हिंदू पचांग में चैत्र मास को वर्ष का प्रथम महीना मानते है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानि 30 मार्च से हिंदू नव वर्ष




की शुरुआत होने जा रही है ।इतना ही नहीं नया संवत्सर 2082 भी इसी दिन लग रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार 30 मार्च रविवार का दिन कई मायनों में खास होने वाला है ।क्योंकि इस दिन हिंदू नव वर्ष की शुरुआत के साथ मां जगदंबा के पवित्र चैत्र नवरात्रे भी आरंभ हो रहे हैं ।एसे में आर्य समाज मंदिर बल्ला में वर्ष प्रतिपदा नव वर्ष पर हवन-यज्ञ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।आर्य समाज मंदिर में विधि विधान से मंत्रोउच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न हुआ ।जिसमें कई परिवारों ने आहुति दी ।इस दौरान विश्व शांति की कामना के साथ हिंदू नव वर्ष को लेकर खुशहाली की कामना की गई ।कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर चांदकौर आर्या ने सनातन धर्म की महत्ता के साथ-साथ नई पीढ़ी को गौरवमयी में इतिहास के बारे में विस्तार से बताया ।महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने 10 अप्रैल 1875 को आर्य समाज की स्थापना समाज में नए संकल्पों और सुधारों की शुरुवात की थी स्वामी दयानंद जी ने वेदों की ओर लौटने अंधविश्वास को त्याग करने ओर सामाजिक सुधारों जैसे शिक्षा को बढ़ावा देना था, इसलिए आज का दिन आर्य समाज के अनुयाई के लिए ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व रखता हैं ।यह दिन भारतीय पंचांग के अनुसार बसंत ऋतु की शुरुवात होती हैं क्योंकि इस समय प्रकृति नई ऊर्जा और उल्हास के साथ साथ खेत खिलहान पेड़ पौधे जीव जंतुओं व मानव जाति में नवजीवन का संचार होता हैं। इस मौके पर अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति करनाल के प्रधान नफेसिंह मान, दीनबंधु सर छोटूराम जागृति मिशन के प्रधान सुरेश मान, प्रोफसर आर्य चांद कौर, आचार्य राजबाला जी, आर्य समाज भवन कमेटी के सचिव अमरजीत मान, सामाजिक कार्यकर्ता सुरजीत मान , जसवंत नंबरदार , प्रेम मान , व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे

# इस प्रकार बच्चों को संक्रमण से बचाएं



बच्चे संक्रमण की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। ऐसे में रोग प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर बीमारियों का असर जल्दी होता है, इसकी मुख्य वजह यह है कि शरीर कमजोर हो जाता है और हम जल्दी-जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं। हालाँकि, कई विशेषज्ञों का यह मानना है कि अधिकतर बच्चो को जुकाम खांसी और बुखार की समस्या मौसम बदलने के कारण होती है, लेकिन अगर आप अपने बच्चे की इम्युनिटी को बढ़ावा दें तो ऐसी संक्रमण वाली बीमारियों से काफी हद तक बचा जा सकता है। ऐसे में बच्चे की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए निम्न आदतों को अपनाना बहुत जरूरी है, जिनमें निम्न शामिल हैं-

बच्चे को स्तनपान करायें- मां के दूध में रोग प्रतिरोधी सारे गुण मौजूद होते है। माँ का दूध बच्चों के लिए अमृत समान होता है, इतना ही नहीं यह बच्चों में संक्रमण, एलर्जी, दस्त, निमोनिया, दिमागी बुखार, और अचानक शिशु मृत्यु सिंड्रोम के खिलाफ लड़ने के लिए भी मजबूत बनाता है। ऐसे में बच्चे को जन्म लेने के साथ-साथ ही स्तनों से बहने वाले गाढे पतले पीले दूध को कम से कम 2-3 महीने तक जरुर कराएं।

बच्चे को ग्रीन वेजिटेबल खिलाएं- अपने बच्चे को खाने में गाजर, हरी बीन्स, संतरे, स्ट्रॉबेरी जैसे सभी को चीज़ों को शामिल करें, क्योंकि यह विटामिन सी और कैरोटीन युक्त होते हैं। जो आपके बच्चे की इम्युनिटी को बढ़ाने में मदद करता है। ऐसे में बच्चों को अधिक से अधिक फल और सब्जियों को उनके खाने में शामिल करें, ताकि बच्चे को संक्रमण से लड़ने में मदद मिल सके।

बच्चे को भरपूर नींद लेने दें- बच्चों में नींद की कमी होने पर इम्युनिटी तो कमजोर होती ही साथ ही आपका बच्चा बीमारी का अधिक शिकार होने लगता है। जिससे कि नवजात में स्वास्थ्य मुश्किलें बढ़ जाती है। हालाँकि, नवजात बच्चों को एक दिन में 18 घंटे की नींद तो वही छोटे बच्चों को 12 से 13 घंटे की नींद की आवश्यकता पड़ती है। इसके अलावा युवा बच्चे को रोजाना 10 घंटे की नींद लेनी चाहिए।

धूम्रपान के धुएं से बचाएं- आपके घर में कोई सदस्य धूम्रपान करता है तो बच्चों की सेहत का ध्यान रखते हुए उसे छोड़ दें। सिगरेट के धुआं शरीर में कोशिकाओं को मार सकते हैं। इसके अलावा सिगरेट बीड़ी में कई अधिक विषाक्त पदार्थो शामिल होते है जो अतिसंवेदनशील बच्चों के रोग नियंत्रण शक्ति को प्रभावित कर इम्युनिटी को कमजोर करते है।

बच्चों को कम से कम दवा दें- कई बार पेरेंट्स अपने बच्चों को लेकर अधिक सवेंदनशील हो जाते हैं। खासकर जब बच्चे को सर्दी, फ्लू या गले में हल्की खराश होने पर डॉक्टर को एंटीबायोटिक देने को कहते है। अधिकतर एंटीबायोटिक्स केवल बैक्टीरिया की वजह से होने वाली बीमारियों का इलाज करते हैं जबकि बचपन में अधिकतर बिमारियां वायरस के कारण होती हैं।

संक्रमण के खतरों से बचाएँ- अपने बच्चे को बीमारियों से बचाने के लिए संक्रमण वाले जीवाणु से हमेशा बचा कर रखें। आप बच्चों को कीटाणुओं से बचाने के लिए बचपन से ही हाथ धोने के बाद ही हाथों को होठों के पास लाने और कुछ खाने के बारे में बताएं। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि परिवार के अन्य सदस्यों को संक्रमित, टूथब्रश आदि के साथ-साथ बच्चों के तौलिया रुमाल और खिलौनों की सफाई हमेशा समय-समय पर करते रहें।

**बच्चे की तुलना न करें**

अभिभावक होना जितना सुखद होता है, उतना ही मुश्किल भी। अपने बच्चों को कौन सी बात किस तरह समझाना है, इसको लेकर अकसर आप उलझन में पड़ जाते होंगे। कई बार आप अपने बच्चों को प्यार से समझाते हैं, तो कई बार उन्हें डांट देते हैं। कई बार आप उन्हें अपना ही उदाहरण दोते हैं, लेकिन आपकी बातों का बच्चे पर क्या असर पड़ता है, इसका अंदाजा आप नहीं लगा पाते हैं। इसलिए आपको इन बातों को बच्चों से कहने से बचना चाहिए।

आप बच्चे की तुलना अपने आप से न करें। आप भी जब छोटे थे तो आपमें कई कमियां रही होंगी। उसे अपने बचपन का मजा लेने दें, उसे परफेक्ट चाइल्ड बनाने की जरूरत नहीं है।


अपने फैसले खुद लेने से ही बच्चा आगे बढ़ेगा। अगर उसके फैसले गलत साबित होते हैं, तो उससे वह सीखेगा और आगे सही निर्णय लेगा। गलत फैसला लेने के लिए आपकी डांट उसे डराने और आत्मविश्वास कम करने के अलावा कुछ नहीं कर सकती है।

इस तुलना की कोई जरूरत नहीं है। हर बच्चे का विकास अलग-अगल तरीके से होता है। वे अपने अलग-अलग अनुभवों से सीखते हैं। कहीं ऐसा न हो कि हर बात पर बेवजह की तुलना बच्चों में आपस में मतभेद पैदा कर दें।

बेशक आपके पास कई जिम्मेदारियां हैं, जिनसे कभी-कभी आप परेशान हो जाते होंगे और अकेला रहना चाहते होंगे लेकिन आपका बच्चा आपकी परेशानियों से बिल्कुल अनजान है। ऐसे में उससे ऐसा कहना उसके मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है ।ऐसा कहना बच्चे तो क्या किसी बड़े को भी काफी आहत कर सकता है। ऐसे में बच्चों से ऐसा कहना बिल्कुल ठीक नहीं है।


# बच्चे का डर इस प्रकार कम होगा, अभिभावक सकारात्मक कोशिश करें

आम तौर पर देखा जाये तो नवजात शिशु किसी वजह से डर जाते हैं या घबरा कर उठ जाते हैं। हालाँकि, यह



समस्या न केवल नवजात में बल्कि एक साल या उससे अधिक उम्र के बच्चों में भी देखने को मिलती है। क्योंकि, कुछ चीज़ें ऐसी हैं जिससे कि उन्हें डर लगता है। ऐसे में अभिभावकों को उन्हें डर से बचाने यह करना होगा। नवजात शिशु कई बार अचानक से उठ जाते हैं। इतना ही नहीं वह रोना भी शुरू कर देते हैं। वहीं जो बच्चे थोड़े बड़े होते हैं उनमें भी यह समस्या देखने को मिलती है, क्योंकि वह अपनी कल्पना को नींद के जरिए ही देखते हैं, जिसमें कुछ अच्छे सपने भी होते हैं और कुछ बुरे सपने भी होते हैं।

बच्चे को सबसे ज्यादा डर अंधेरे से लगता है। कुछ अभिभावक ऐसे भी होते हैं जो अपने बच्चे को शांत करवाने के लिए या अपनी बातों को मनवाने के लिए अँधेरे का सहारा लेते हैं, जो कि बहुत गलत है। क्योंकि, इससे बच्चे काफी डर जाते हैं, जिसका असर बच्चे पर बहुत बुरा होता है। ऐसे में, अपने बच्चे में इस डर को दूर करने की कोशिश करें। जब बारिस का मौसम होता है, और खासकर जब बिजली कड़कने की आवाज



आती है तो बच्चे डर कर उठ जाते हैं। कुछ बच्चे तो ऐसे होते हैं कि इसके आवाज को सुनकर रोने लगते हैं। ऐसे में, आप अपने बच्चे को इसके बारे में बताएं कि इसमें घबराने की कोई बात नहीं है, और उन्हें शांत रखने की कोशिश करें। हालाँकि, यह सच है कि बच्चे उन लोगों के पास ज्यादा खुशी से रहते हैं, जिन्हें वह जानते हैं पर जैसे ही आप उन्हें अपने किसी दोस्त या रिश्तेदार से मिलाते हैं तो वह बहुत असहज महसूस करते हैं, और कभी-कभी उन्हें देख कर रोने लगते हैं। ऐसे में, आप अपने बच्चे को थोड़ा जानने का समय दें ताकि वह उनके साथ घुल-मिल सके। बच्चे सबसे ज्यादा सुरक्षित अपने अभिभावकों के साथ महसूस करते हैं क्योंकि, वह बचपन से ही उनके साथ रहते हैं, इसलिए जब भी आप अपने बच्चे से थोड़ी देर के लिए दूर होते हैं तो वह रोने लगते हैं। हालाँकि, यह गलत बात है, क्योंकि बच्चे को सिर्फ अपनी आदत न लगने दें, इसके लिए आप उन्हें अपने दादा-दादी या फिर घर के अन्य लोगों के साथ छोड़ें। ताकि वह आपके अलावा, घर के अन्य लोगों के साथ घुल-मिल सकें।

# बच्चों को अधिक मोबाइल देखने से रोकें

छोटे बच्चों के अभिभावकों को ये चिंता सताती रही है कि बच्चे मोबाइल के सामने कितना समय बिताते हैं। पहले टीवी अब तकनीक के बढ़ने के साथ कई और स्क्रीन्स बढ़ गई हैं जिसमें मोबाइल स्क्रीन भी शामिल है। जहां कई सारे माता-पिता इस बात को लेकर परेशान रहते हैं वहीं कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। यूएस टेक कंपनी के लिए काम करने वाली डॉरेथी का दो साल का बच्चा है और उनका कहना है, मुझे पता है कि मुझे अपने बच्चे के स्क्रीन टाइम पर पाबंदी रखनी



चाहिए। हालांकि वह बताती हैं कि जब उन्हें काम करना होता है या उनका बच्चा जब सुबह जल्दी जाग जाता है तो उसे व्यस्त रखने का सबसे अच्छा तरीका फोन ही है। वह अकेली नहीं है।

मीडिया और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने वाले बच्चों पर एक रिपोर्ट पेश की। इसके मुताबिक 8 साल और इससे कम उम्र के बच्चे रोजाना घर पर 2 घंटे 19 मिनट स्क्रीन के सामने बिताते हैं। ये आंकड़ा 2011 के लगभग बराबर है लेकिन 2013 से डेढ़ घंटे ज्यादा है। ये सर्वे 2013 में उस वक्त हुआ था जब स्मार्टफोन का इतना चलन नहीं था लेकिन टीवी देखने का क्रेज घट रहा था। हालांकि बच्चे अब मोबाइल और दूसरी डिवाइसों की तरफ ज्यादा शिफ्ट हो रहे हैं, ठीक अपने माता-पिता की तरह। सर्वे में ये बात सामने आई कि बच्चे एक दिन में 48 मिनट मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा बच्चे कई वर्चुअल डिवाइस और इंटरनेट टॉयज के संपर्क में भी आ रहे हैं।

कुछ माता-पिता इस बात से चिंतित हैं कि स्क्रीन के सामने इतना वक्त गुजारने से बच्चे एक्सर्साइज और सीखने को इतना वक्त नहीं दे पा रहे लेकिन स्टडजी से ये बात साफ नहीं हो पा रही। दो साल की बच्ची की मां जेनी बताती हैं, मेरे बच्चे किसी सामान्य बच्चे से कम शैतान नहीं हैं क्योंकि हम बहुत कम टीवी देखते हैं। अगर सही समय पर उन्हें स्क्रीन के सामने वक्त बिताने दिया जाए तो कभी-कभी ठीक भी रहता है। पीडिएट्रिक स्पीच पैथोलॉजिस्ट जेन का कहना है, स्क्रीन के सामने जरा भी वक्त न बिताना, ये बिल्कुल अवास्तविक है। इसमें बैलेंस बनाकर रखना चाहिए। वह सलाह देती हैं कि इसके लिए विजिबल शेड्यूल बनाएं ताकि बच्चे इसको सीमित करना समझ सकें।

# बच्चों के इन खिलौनों से हो रहा बड़ा नुकसान



घर में छोटे बच्चे हो तो हर सदस्य का ध्यान उसकी तरफ ही रहता है। बच्चे के लिए घर में कई तरह के खिलौने भी लाए जाते हैं। उसके लिए साइकिल,वॉकर,छोटे-छोटे खिलौने ला कर रख दिये जाते हैं। कई बार बच्चे के प्यार में जाने-अनजाने अभिभावक कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं,जिससे बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। आपके घर में भी छोटा बच्चा है। तो इन बातों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। आपके लिए जानना जरूरी है कि कौन से बच्चों के उत्पाद नुकसान पहुंचा रहे हैं।

टीथर -बच्चे रंग-बिरंगे खिलौने देखकर बहुत खुश होते हैं और हर चीज को मुंह में डालते हैं। आप शायद इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि इस खिलौने से बच्चे को संक्रमण होने का डर रहता है। बच्चे को यह खिलौने देने से पहले इस पर धूल मिट्टी के कण पड़े होते हैं। जिसे बहुत से लोग बार-बार साफ नहीं करते और कई बार तो बडे लोगों के हाथ के कीटाणु भी इस पर लग जाते हैं। जिससे बच्चे को उल्टी, पेटदर्द, दस्त जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

वाकर -बच्चा जल्दी चलना सीख लें इसलिए ज्यादातर लोग बच्चे को वॉकर लाकर दे देते हैं। माना जाता है कि इसमें बैठकर वह जल्दी चलना सीख जाते हैं और मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं। एक शोध में यह बात सामने आई है कि इससे बच्चे को खुद का बैलेंस बनाने में परेशानी होने लगती है। वह डर-डर कर जमीन पर अपने पांव रखता है।

दूध की बोतल -छोटे बच्चे के लिए मां का दूध ही सही आहार है। कुछ कामकाजी औरतें बच्चे बोतल से दूध पिलाती हैं। इससे बच्चे के पेट में हवा भर जाती है,जिससे उसे पेट गैस की परेशानी हो सकती है। अगर बोतल में दूध पिला रहे हैं तो साफ-सफाई का भी बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। दूध पिलाने से पहले बोतल को जरूर उबाल लें।

**बच्चों में तेजी से बढ़ रही किडनी की बिमारी**

बच्चों में तेजी से किडनी की बीमारी बढ़ रही है। अपने शरीर की बाहरी सफाई का ध्यान तो हम रख लेते हैं, लेकिन शरीर के भीतर की सफाई का काम हमारी किडनी (गुर्दा) संभालता है। यह हमारे शरीर की विषाक्तता और अनावश्यक कचरे को बाहर निकालकर हमें स्वस्थ रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालांकि, हमारे शरीर में दो किडनी होती हैं, लेकिन केवल एक किडनी ही सारी जिंदगी सभी महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में अकेले ही सक्षम होती है। डायबिटीज और हाई ब्लडप्रेशर के मरीजों की संख्या में तेजी हो रही इससे किडनी रोगियों की संख्या में तेजी आई है।

किडनी संबंधी रोग बच्चों को कई रूपों में प्रभावित करती है, जिसमें इलाज किए जाने वाले विकारों के साथ ही जीवन को खतरे में डालने वाले लंबे समय वाले परिणाम शामिल हैं। बच्चों में होने वाले मुख्य किडनी संबंधी रोग हैं- नेफ्रोटिक सिन्ड्रोम, वीयूआरए यूटीआई आदि।

किडनी रोग के लक्षण हैं-

चेहरे में सूजन, भूख में कमी, मितली, उल्टी, उच्च रक्तचाप, पेशाब संबंधित शिकायतें, पेशाब में झाग आना, रक्त अल्पता, कमजोरी, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, शरीर में दर्द, खुजली और पैरों में ऐंठन। उन्होंने कहा कि मंद विकास, छोटा कद और पैर की हडिड्यों का झुकना आदि किडनी की खराबी वाले बच्चों में आम तौर पर देखा जाता है। किडनी की नेफ्रोटिक सिन्ड्रोम आम बीमारी है। पेशाब में प्रोटीन का जाना, रक्त में प्रोटीन की मात्रा में कमी, कोलेस्ट्रॉल का उच्च स्तर और शरीर में सूजन इस बीमारी के लक्षण हैं। किडनी के इस रोग की वजह से किसी भी उम्र में शरीर में सूजन हो सकती है, परंतु मुख्यत- यह रोग बच्चों में देखा जाता है। नेफ्रोटिक सिन्ड्रोम में किडनी के छन्नी जैसे छेद बड़े हो जाने के कारण अतिरिक्त पानी और उत्सर्जी पदार्थों के साथ-साथ शरीर के लिए आवश्यक प्रोटीन भी पेशाब के साथ निकल जाता है, जिससे शरीर में प्रोटीन की मात्रा कम हो जाती है और शरीर में सूजन आने लगती है। उन्होंने कहा कि वीयूआर पीड़ित बड़े बच्चे भी बिस्तर खराब कर देते हैं। ऐसे बच्चों में वेसिको यूरेटेरिक रिफ्लक्स बीमारी होने का अंदेशा रहता है। यह वह रोग है, जिसमें (वाइल यूरिनेटिंग) यूरिन वापस किडनी में आ जाती है।

# अतीत की गोद में समा गए बावड़ियां एवं तालाब

-**डॉ.** सत्यवान सौरभ

अगर हम तालाबों और बावड़ियों को सिर्फ़ पानी जमा करने की जगह समझते हैं, तो शायद हम उनके साथ न्याय नहीं कर रहे। ये सिर्फ़ जल-स्रोत नहीं, बल्कि सदियों की कहानियों, रहस्यों, परंपराओं और लोककथाओं के ज़िंदा गवाह हैं। पुराने तालाब और बावड़ियाँ इतिहास की किताब के वह पन्ने हैं, जिन पर समय की बूंदें टपकी हैं। अब जब हम पानी के संकट से जूझ रहे हैं, तब इन प्राचीन जल स्रोतों की अहमियत और भी बढ़ जाती है। आधुनिक टैंकर और बोरवेल के भरोसे रहने की बजाय अगर हम फिर से बावड़ियों और तालाबों को ज़िंदा करें, तो शायद आने वाली पीढ़ियाँ भी हमारी तारीफ़ करेंगी (और शायद तालाबों के किनारे बैठकर अपनी नई कहानियाँ रचेंगी) । तालाब और बावड़ियाँ हमारे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परिदृश्य का अभिन्न अंग रही हैं। वे न केवल जल-संग्रहण के साधन थे, बल्कि समाज के सामूहिक जीवन, कला, स्थापत्य और आध्यात्मिक गतिविधियों से भी जुड़े हुए थे। आज के दौर में जल संकट एक गंभीर समस्या बन चुका है। जलवायु परिवर्तन, अनियंत्रित शहरीकरण और भूजल के अत्यधिक दोहन ने पानी की उपलब्धता को प्रभावित किया है। ऐसे में प्राचीन जल संरचनाओं, जैसे तालाब और बावड़ियों का पुनरुद्धार और संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। तालाब और बावड़ियाँ हमारे पूर्वजों की अद्भुत जल प्रबंधन प्रणाली का हिस्सा रहे हैं। वर्तमान जल संकट को देखते हुए, इनका पुनरुद्धार और संरक्षण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यह न केवल जल उपलब्धता बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी बचाएगा। यदि हम सामूहिक रूप से प्रयास करें, तो इन ऐतिहासिक जल स्रोतों को फिर से जीवंत किया जा सकता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है।



अतीत की यादों में समाये तालाब और बावड़ियाँ केवल जल-स्रोत नहीं थे, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक भी थे। ये जल संरचनाएँ प्राचीन भारतीय समाज की जल प्रबंधन प्रणाली का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा थीं, जो हमें हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता और पर्यावरण के प्रति उनके सम्मान की याद दिलाती हैं। तालाब गाँवों और नगरों के जीवन का केंद्र हुआ करते थे। वर्षा जल संचयन, कृषि सिंचाई, मवेशियों की प्यास बुझाने और सामाजिक मेलजोल के लिए इनका उपयोग किया जाता था। तालाबों के किनारे मंदिर, घाट और धर्मशालाएँ बनाई जाती थीं, जहाँ लोग आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने आते थे। कई स्थानों पर ये तालाब त्योहारों और मेलों का केंद्र भी बनते थे। प्राचीन भारत में जल को केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि पूजनीय तत्व माना जाता था। इसलिए, जल स्रोतों को संरक्षित करने के लिए वैज्ञानिक और कलात्मक दृष्टिकोण अपनाया गया। राजाओं, रानियों, समाजसेवियों और मंदिर समितियों ने बड़े पैमाने पर तालाब और बावड़ियों का निर्माण कराया। इनका उद्देश्य जल संचयन के साथ-साथ सामाजिक समृद्धि और आध्यात्मिक शांति को बढ़ावा देना भी था। पुराने तालाबों के पास बैठकर अगर आप ज़रा ध्यान दें, तो आपको उनकी लहरों में इतिहास की हलचल महसूस होगी। कभी ये गाँव-शहरों की जान हुआ करते थे। गाँवों में तालाब के किनारे बुजुर्ग किस्से सुनाते, बच्चे खेलते और महिलाएँ पानी भरते हुए अपनी कहानियों की गहराइयों में खो जातीं। ये सिर्फ़ जल संरचनाएँ नहीं थीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल के सबसे अहम केंद्र थे।

बावड़ियाँ विशेष रूप से स्थापत्य कला का बेहतरीन उदाहरण थीं। इनका निर्माण इस प्रकार किया जाता था कि गर्मी के मौसम में भी पानी ठंडा बना रहे। राजस्थान और गुजरात में बनी बावड़ियाँ आज भी अपनी जटिल नक्काशी, मेहराबों, स्तंभों और मूर्तियों के कारण आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बावड़ियाँ (सीढ़ीदार कुएँ) विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य भारत में लोकप्रिय थीं। राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में अनेक प्राचीन बावड़ियाँ देखने को मिलती हैं, जिनकी स्थापत्य कला अद्भुत होती थी। ये केवल जल संग्रहण का साधन नहीं थीं, बल्कि गर्मियों में ठंडी छाँव में बैठने और यात्रियों के लिए विश्राम स्थल का कार्य भी करती थीं। प्रसिद्ध बावड़ियों में चाँद बावड़ी (अभनेरी, राजस्थान) और रानी की वाव (पाटण, गुजरात) अपनी अद्वितीय सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं। तालाब और बावड़ियाँ जल संचयन और भूजल पुनर्भरण (तह्शह्ढठ्ठस्त्र2ड्डह्लद्गह्- ऋद्मष्द्धड्डह्लद्गद्ग) का महत्त्वपूर्ण माध्यम थीं। जलवायु परिवर्तन और जल संकट के इस दौर में यदि हम इन पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन करें, तो यह न केवल भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि बाढ़ जैसी समस्याओं को कम करने में भी सहायक होगा। आधुनिक शहरीकरण और बढ़ती उपेक्षा के कारण कई तालाब और बावड़ियाँ सूख चुके हैं या अतिक्रमण का शिकार हो गए हैं। कई जल स्रोत गंदगी और कचरे से भर चुके हैं, जिससे न केवल उनका ऐतिहासिक महत्त्व समाप्त हो रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सरकार और स्थानीय समुदायों को मिलकर पुराने जल स्रोतों की सफ़ाई करनी चाहिए। पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए ठोस कानूनी नीतियाँ बनाई जानी चाहिए। गांवों और शहरों में सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि लोग इन धरोहरों को संजोने में सक्रिय भाग लें। इन ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे लोग इनके महत्त्व को समझें और संरक्षण के लिए प्रेरित हों। वर्तमान में कई शहर और गाँव पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है क्योंकि वर्षा जल का संचयन सही तरीके से नहीं हो रहा है। यदि तालाबों और बावड़ियों को पुनर्जीवित किया जाए, तो वे भूजल को फिर से भरने में मदद कर सकते हैं, जिससे नदियों और कुओं का जल स्तर संतुलित रहेगा। कई क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा के कारण बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में सूखा पड़ता है। यदि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण किया जाए, तो वर्षा जल को संग्रहित करके सूखे के दौरान इसका उपयोग किया जा सकता है। साथ ही, यह जल निकासी की भी एक प्रभावी प्रणाली बन सकती है। तालाब और बावड़ियाँ न केवल जल का स्रोत हैं, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। ये जलाशय पक्षियों, मछलियों और अन्य जलीय जीवों के प्राकृतिक आवास होते हैं।

# हमारा लक्ष्य प्रदेश को नशे के खिलाफ जागरूक कर, हरियाणा को नशामुक्त बनानाः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## सोनीपत हॉफ मैराथन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सोनीपत, 30 मार्च ( विनोद ):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को सोनीपत के दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित सोनीपत हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हॉफ मैराथन में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य लक्ष्य प्रदेश को नशे के खिलाफ जागरूक करना है ताकि हरियाणा को नशामुक्त बनाया जा सके। उन्होंने पूरे समाज को नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौड़ मिलकर चलने की प्रेरणा देने वाली, हमें खेलों के प्रति जागरूकता पैदा करने और नशे के खिलाफ पूरे समाज को लामबंद करने वाली दौड़ है। इस तरह के आयोजनों से न केवल सामाजिक जागरूकता आती है बल्कि हम सभी के अंदर उत्साह और उमंग का संचार भी होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं, स्वस्थ समाज देश-प्रदेश के विकास व उत्थान की पहली सीढ़ी है। स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है कि उसमें कुरीतियां न हो और वह नशे जैसी बुराई से मुक्त हो। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में खेल सुविधाओं का विस्तार किया है। खेलों को बढ़ावा दिया है। युवाओं और सभी नागरिकों को नशे की बुराई से दूर रखने का अभियान भी चलाया है। यह मैराथन इसी अभियान की एक कड़ी है।



**प्रदेशभर में मैराथन और राहगिरी का आयोजन कर फिटनेस के प्रति कर रहे जागरूक**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे प्रदेश में मैराथन और राहगिरी का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों से आमजन को फिटनेस के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त, 2019 को फिट इंडिया कार्यक्रम शुरू किया था ताकि आमजन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने फिट इंडिया कार्यक्रम शुरू करके फिटनेस को आमजन की जीवन शैली का अभिन अंग बना दिया है। इसके साथ-साथ भारत ने विश्वभर को योग का मूलमंत्र भी दिया है। उन्होंने कहा कि आज की मैराथन में उमड़ी भीड़ देखकर पता चल रहा है कि लोग फिटनेस के लिए संकल्पबद्ध हो चुके हैं।

**नशे पर निरंतर प्रहार कर रही हरियाणा सरकार**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर नशे पर प्रहार कर रही है। संतों, महात्माओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और नागरिक संस्थाओं के साथ मिलकर नशे के खिलाफ काम कर रहे हैं। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। नशा मुक्ति व पुनर्वास के लिए गांव व वार्ड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक मिशन टीमों का गठन किया जा चुका है। धाकड़ कार्यक्रम को कॉलेज, यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थाओं के स्तर पर शुरू किया गया है।

**हरियाणा उदय के अंतर्गत निरंतर आयोजित हो रहे कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस मैराथन का आयोजन हरियाणा सरकार के हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। इस तरह प्रदेशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा उदय अभियान के तहत अब तक 2,482 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें 16 लाख 50 हजार लोगों ने भाग लिया है। यह हरियाणा का आज तक का सबसे बड़ा आउटरीच कार्यक्रम साबित हुआ है। इसमें राहगिरी, साइकलोथॉन, अपराध व नशे से प्रभावित क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताएं, नशामुक्त अभियान, वरिष्ठ नागरिकों को गोद लेना, पुलिस पाठशाला आदि शामिल हैं।

**मैराथन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने लिया हिस्सा**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि मैराथन में पूरे शहर से हजारों लोगों ने हिस्सा लिया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मैराथन में हिस्सा लिया है। 60 साल से 80 साल की आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों ने भी खूब दौड़ लगाई, उनका उत्साह दूसरों को भी प्रेरणा देता है। उन्होंने 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर मैराथन में विजेता धावकों व शामिल हुए सभी नागरिकों को बधाई दी। इस मैराथन के सफल आयोजन पर उन्होंने सोनीपत जिला प्रशासन को भी बधाई दी।

**मैराथन में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां** - हॉफ मैराथन के दौरान छात्रों ने अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। गायक एमडी ने नशे के खिलाफ गाने प्रस्तुत किए। अलग-अलग स्कूलों की टीम पहुंची, जिन्होंने सर्वप्रथम सरस्वती वंदना से शुरूआत की और अन्य गीतों पर प्रस्तुतियां दी। राई स्पोर्टस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिमनास्टिक की प्रस्तुति भी दी।इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, सोनीपत विधायक निखिल मदान, खरखौदा विधायक पवन खरखौदा, गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान, मेयर राजीव जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल, ओएसडी पंकज नैन, पुलिस आयुक्त नाजनीन भसीन, डीसी डॉ. मनोज कुमार, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. प्रकाश सिंह, हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के वीसी अशोक कुमार, बीपीएस खानपुर विश्वविद्यालय की वीसी सुदेश छिकारा, पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी, खरखौदा नगर पालिका के चेयरमैन हीरा लाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा, रविन्द्र दिलावर, निशांत छोक्कर, परमवीर सैनी, इंद्रजीत विरमानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी गण मौजूद रहे।

# रामजीलाल सुमन और अखिलेश यादव का जलाया पुतला : गुरदीप तिगरा

**यमुनानगर,30 मार्च ( दिनेश कुमार ):** गांव तिगरा में समाजवादी पाटी के राज्य सभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा दिए गये महान शूरवीर



महाराणा सांगा जी के अपमान पर गांव-गांव जाकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की टीम ने रामजीलाल व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश का पुतला दहन अभियान के तहत गांव तिगरा में जलाया गया। इसके साथ ही सांसद की सदस्यता समाप्त करने बारे ज्ञापन भेजा जाएगा। गुरदीप राणा ने बताया कि माननीय भारत के राष्ट्रपति से अनुरोध है कि भारत एवं मेवाड राजस्थान की वीर भूमि के शुरवीर महाराणा सांगा जी की संसद में गलत ईतिहास बताकर अपमानित किया बहुत ही निंदनीय और पीडादायक है और हिन्दुओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया गया है। समाजबाही के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा किया ये पाप बहुत ही जघन्य है। आपसे अनुरोध है राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की सदस्यता राज्य सभा से बरखास्त की जाये और उसे पदमुक्त किया जाय। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गुरदीप सिंह राणा ने बताया क्षत्रिय समाज किसी भी महापुरुष का अपमान सहन नहीं करेगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अग्नि विजय चौहान, नाहपुर मंडल अध्यक्ष सोनू राणा, एडवोकेट विवेक चौहान, वीरभान चौहान, विक्रांत राणा, प्रताप सिंह, सोनू राणा ,प्रदीप कश्यप, हंसराज, प्रीतम राणा व तिगरा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# किराएदार व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं : हेमेंद्र कुमार मीणा



**हांसी,30 मार्च ( मनमोहन शर्मा ):** पुलिस अधीक्षक ह हेमेंद्र कुमार मीणा भा.पु.से. ने बताया कि घरों में रह रहे किरायेदारों, फैक्ट्री ,होटल, ढाबा इत्यादि पर काम कर रहे व्यक्तियों की पुलिस वेरीफिकेशन जरूर करवाएं। क्योंकि कुछ अपराधी किस्म के लोग बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराधों को अंजाम देकर भाग जाते हैं। उनका रिकॉर्ड ना तो मकान मालिक, ढाबा व होटल मालिक के पास होता और ना ही पुलिस के पास होता है। अगर पुलिस के रिकॉर्ड में पहले से जानकारी हो तो अपराधी की पहचान करने व पकड़ने में आसानी हो जाती है। किराएदार और नौकर का सत्यापन करवाने से आपको पता लग जाता है कि यह व्यक्ति जो आपके पास किराएदार है। वह किस प्रवृत्ति का है इसलिए कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए किराएदार व नौकरों का रिकार्ड सत्यापन जरूर करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकॉर्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें। हर समय पोर्टल व सरल केंद्र पर जाकर भी वेरिफिकेशन करवा सकते हैं पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि जिला के सभी व्यापारिक संस्थान, उद्योग संस्थान,फैक्ट्री, होटल, ढाबा रेस्टोरेंट व ठेकेदार के पास जितने भी कर्मचारी हैं। उनकी वेरीफिकेशन करवा कर ही काम पर रखे। इनका रिकॉर्ड संबंधित थाना, चौकी में जमा करवाएं तथा जो लोग आपके पास काम कर रहे हैं उनका आधार कार्ड भी पुलिस के पास होना चाहिए। कोताही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।कोई भी अपराध में शामिल पाया जाता है तो उसके मालिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जावेगी। सुरक्षा की दृष्टि के साथ-साथ और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते वेरिफिकेशन जरूर करवाएं क्योंकि ऐसा करने से समाज सुरक्षित रहेगा।

# जीएसटी एमनेस्टी योजनाः बकाया कर पर ब्याज एवं जुर्माने में मिलेगी राहत

**फतेहाबाद, 30 मार्च ( ब्यूरो ) :** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज एवं जुर्माने में राहत देने के लिए जीएसटी एमनेस्टी योजना लांच की गई है। इस योजना को हरियाणा सरकार द्वारा भी लागू किया गया है। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस योजना की जानकारी सभी पात्र करदाताओं तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक करदाता इसका लाभ उठा सकें। योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि यह योजना उन करदाताओं के लिए लागू होगी जिन पर वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-2020 के दौरान हरियाणा जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत बकाया देनदारी है। इस योजना के तहत पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज एवं जुर्माने में राहत दी जाएगी, जिससे उनकी कुल कर देयता में कमी आएगी। करदाताओं को केवल बकाया कर का भुगतान करना होगा तथा ब्याज और जुर्माने की माफी के लिए उन्हें जीएसटी पोर्टल पर आवेदन करना होगा।उपायुक्त ने बताया कि जिला में अब तक 15 करदाताओं द्वारा जीएसटी एमनेस्टी योजना का लाभ लिया जा चुका है, जिसमें वित्त वर्ष 2017-18 से दो करदाता, वित्त वर्ष 2018-19 से पांच करदाता तथा वित्त वर्ष 2019-20 से आठ करदाता शामिल है।

# रामनवमी महोत्सव व संगीतमय श्रीराम कथा के लिए आयोजित की भव्य कलश शोभा यात्रा

– भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ रामनवमी महोत्सव व संगीतमय श्रीराम कथा शुरू, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

**हिसार, 30 मार्च ( मनमोहन शर्मा ) :** श्रीराम कथा समिति द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकालकर विधि-विधान से रामनवमी महोत्सव व संगीतमय श्रीराम कथा की शुरूआत की गई। कटला मैदान स्थित सियाराम मंदिर में पूजा-अर्चना के उपरांत विधानस्वरूप महंत चिन्मयदास जी महाराज के सान्निध्य में कलश शोभा यात्रा निकाली गई। मां जानकी सेवा दल व रामकृष्ण सेवा संस्थान के संयोजन में 151 महिलाओं ने एकसमान पीले व लाल परिधान पहनकर एवं सिर पर सुसज्जित कलश धारण करके शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान पुरुष श्रद्धालुओं ने श्रीराम के भगवा ध्वज लेकर और जय श्रीराम का उदघोष करते हुए समस्त भक्तों का उत्साह बढ़ाया। बैंड-बाजे की धुन पर नाचते-गाते हुए और हिसार के विभिन्न बाजारों से होते हुए कलश यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन पहुंची। इस दौरान हिसार के बाजार जय श्रीराम के उदघोष से गुंजायमान हो उठे। महाराजा अग्रसेन भवन के मुख्य सभागार में सभी कलशों को पूरी आस्था के साथ श्रीराम कथा स्थल के मंच पर स्थापित किया गया। इस अवसर पर हिसार नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली मुख्यातिथि एवं राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सतीश बंसल व कविता बंसल मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य आचार्य पंडित सत्यवान शास्त्री रहे और विशिष्ट सहयोगी का दायित्व महंत रवि भोला ने निभाया। इनके साथ ही श्रीराम कथा समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व शक्ति अग्रवाल एवं सुधीर बंसल, राहुल अग्रवाल, मुकेश बंसल, राजेंद्र बंसल नेताजी, दिनेश जैन, जनक गुप्ता, प्रमोद बंसल, राजेश शर्मा, वीरेंद्र लाहौरिया, चंद्रभान सोनी, अनूप बिंदल, रामनिवास परसा, प्रमोद गर्ग, केशव अग्रवाल व विनोद बंसल ने उपस्थिति दर्ज करवाई। कलश यात्रा के दौरान संजीव बंसल, परीक्षित आर्य, समीर सरदाना, मनोज गुप्ता, मुकुल सीए, कैलाश सिंगला, अशोक वर्मा, दीपक महिपाल, विराट अग्रवाल, अमित जैन एडवोकेट, सतीश बंसल रामलीला, दीपक गौत्तम व राजेंद्र मित्तल भी मौजूद रहे। महाराजा अग्रसेन भवन में कलश स्थापना के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आरती करके अपने इष्ट की आराधना की। इस दौरान महंत चिन्मयदास जी महाराज ने हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रों की बधाई देते हुए समस्त हिसारवासियों को श्रीराम कथा श्रवण करने एवं पुण्यलाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में श्रीराम कथा की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। मूल पथ से भटक रही युवा पीढ़ी को श्रीराम कथा सही मार्ग दिखा सकती है। इसलिए परिजनों को अपने बच्चों को भी श्रीराम की महिमा से अवगत करवाना चाहिए। सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व शक्ति अग्रवाल ने बताया कि कि 5 अप्रैल तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 3.15 बजे से सायं 7 बजे तक महंत श्री चिन्मयदास जी महाराज अपने श्रीमुख से प्रभु श्रीराम के जीवन दर्शन से परिचय करवाएंगे। उन्होंने बताया कि भव्य कलश शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर हिसारवासी काफी उत्साहित हैं और विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोग श्रीराम कथा का श्रवण करेंगे। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को प्रातः अग्रसेन भवन में यज्ञ करने के उपरांत भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से चलकर मुख्य बाजारों से होते हुए वापस अग्रसेन भवन पहुंचेगी। 6 अप्रैल को ही दोपहर को अग्रसेन भवन में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रामनवमी शोभा यात्रा, हवन व भंडारे में भी हजारों लोग हिस्सा लेंगे। श्रीराम कथा समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित किए जा रहे रामनवमी महोत्सव व श्रीराम कथा के दौरान 31 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान श्रीराम के बाल स्वरूप की झांकी निकालकर प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया जाएगा। महंत चिन्मयदास जी महाराज श्रीराम के जन्म से संबंधित प्रसंगों व गाथाओं से साक्षात्कार करवाएंगे। इस अवसर पर लुवास के कुलपति डॉ. नरेश जिंदल मुख्यातिथि रहेंगे और समाजसेवी राकेश शर्मा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।



# हरियाणा में खेलों को सर्वोत्तम बनाने के लिए पूरी निष्ठा से रहूंगा समर्पित : भारत भूषण जुआल

**भारत भूषण जुआल बने हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष**



**करनाल,30 मार्च ( सुनील कुमार ):** करनाल भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जूआल को हरियाणा ओलम्पिक संघ का उपाध्यक्ष चुना गया। भारत भूषण जुआल ने अपनी इस नियुक्ति का श्रेय हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, करनाल सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली को देते हुए उनका आभार व अभिनंदन किया। उन्होंने इसके लिए जिला फुटबाल संघ यमुनानगर एवं हरियाणा फुटबाल संघ एवं भाजपा के सभी कनिष्ठ एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया। भारत भूषण जुआल जो कि वर्तमान में बतौर भाजपा करनाल जिला प्रभारी का दायित्व निभा रहे हैं और उनकी दूरदर्शी सोच के कारण भाजपा ने करनाल लोकसभा सांसद की सीट, करनाल की पांचों विधानसभा सीटों की जीत और निकट भविष्य में हुए मेयर और पार्षद के चुनाव में रिकॉर्ड तोड जीत हासिल की है। हरियाणा ओलंपिक संघ के इस चुनाव में जसविंदर मीनू बेनिवाल अध्यक्ष एवं कृष्ण लाल पंवार जनरल सेक्रेटरी चुने गए हैं। हरियाणा ओलंपिक संघ का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भारत भूषण जुआल ने भाजपा केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का सहृदय आभार जताते हुए कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि हरियाणा प्रदेश को खेलों में सर्वोत्तम बनाने में पूरी निष्ठा से समर्पित रहूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सैनी के गुड गवर्नेंस के मंत्र के साथ हमें हरियाणा प्रदेश को खेल क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाना है और प्रतिभा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं भी दी।

# सात दिवसीय श्री शिव महा पुराण की कथा का हुआ समापन

**लाडवा, 30 मार्च ( रामगोपाल ):** बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शिरकत कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री के साथ पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा भी साथ रहे। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि शिव महापुराण कथा जैसे आयोजन समाज को एक नई दिशा व ऊर्जा प्रदान करते हैं और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। कावड़ सेवा दल व मुख्य यजमान विजेंद्र गोयल ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। वही आचार्य महेश गुरु ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कथा के समापन पर हवन व भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बड़ी भारी संख्या में भाग लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शिवाला राम कुंडी पर चल रही कथा में उज्जैन के प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य महेश गुरु जी ने शंखचूड़ तुलसी विवाह, नंदी अवतार , पीप्लाद हनुमत व दुर्वासा अवतार की कथा सुनाई । अंतिम सत्र में द्वादश ज्योतिर्लिंग के प्रकट होने के रहस्य व उनकी महिमा के बारे में सविस्तार बताया। उन्होंने शिवरात्रि व्रत के बारे में बताते हुए कहा कि शिवरात्रि व्रत अत्यंत महत्वपूर्ण है। जो शिव की कृपा और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग है। इस व्रत में रात्रि जागरण, रुद्राभिषेक और उपवास का विधान है, जो शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीक है। महाशिवरात्रि का व्रत करने वाले शिव कृपा का भागी बन जाते है और यमराज के दूत भी उससे दूर रहते हैं।आज कथा सत्र में प्रसिद्ध कथावाचक व भागवत मनीषी आचार्य रजनीश शास्त्री ने पहुंच कर कथाव्यास आचार्य महेश गुरु को सम्मानित किया व श्री शिव महापुराण की कथा सुनी। मुख्य यजमान विजेंद्र गोयल व अमित गोयल ने कथा समापन के बाद आरती की। मुख्य यजमान विजेंद्र गोयल व उनके सुपुत्र अमित गोयल ने सभी संस्थाओं का इस महायज्ञ में सहयोग देने के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पवन गोयल, ,विकास सिंघल ,अनुज गोयल, संजय सिंगला ,मदनलाल राजकुमार सैनी, देशराज , कुंवर सिंघल ,वीरेंद्र सिंघल, अशोक मित्तल सहित सभी सदस्यों ने श्री शिव महापुराण की आरती में भाग लिया। आचार्य महेश गुरु जी ने जहां आयोजकों व मुख्य यजमान के परिवार को आशीर्वाद दिया वहीं सभी आए हुए श्रद्धालुओं को भी आशीर्वाद देते हुए उनके कुशल मंगल की कामना की। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

